# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 325 । भोपाल, शनिवार 25 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

पेड़ से लटका मिला 9वीं के छात्र का शव — पृष्ठ 3

▪ इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश
▪ पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य — पृष्ठ 4

▪ स्कूटी को बचाने के चक्कर में यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ी, एक दर्जन घायल — पृष्ठ 6

रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### बॉलीवुड फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार कोहली शुक्रवार सुबह नहाने केलिए बाथरूम गए थे, लेकिन बहुत देर तक वह बाहर नहीं निकले। इसके बाद उनके बेटे अरमान कोहली ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया और फिर पिता को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राजकुमार कोहली का जन्म वर्ष 1930 में लाहौर में हुआ था। राजकुमार कोहली ने अपने सिने करियर की शुरुआत बतौर निर्माता वर्ष 1963 में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म सपनी से की।

### मोदी ने फातिमा बीवी के निधन पर जाताया शोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीवी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को एक्स पर अपने संवेदना संदेश में लिखा, न्यायमूर्ति एम. फातिमा बीवी के निधन से दुखी हूं। वह एक सच्ची पथप्रदर्शक थीं और उनकी उल्लेखनीय यात्रा ने कई बाधाओं को तोड़ा तथा महिलाओं को बेहद प्रेरित किया। विधिक क्षेत्र में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार एवं दोस्तों के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति फातिमा बीवी 30 अप्रैल 1927–23 नवम्बर 2023 वर्ष 1989 में उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीश बनी थीं।

### भारत-नेपाल के बीच सूर्य किरण सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल के 334 सैन्यकर्मियों की एक टुकड़ी 17 वें संयुक्त सैन्यभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को भारत पहुंची। अभ्यास सात दिसंबर तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होगा। यह सैन्यभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है और दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली 354 सैन्य कर्मियों की भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व तारा दल बटालियन कर रही है। सैन्यभ्यास का उद्देश्य शांति स्थापना अभियानों में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मुताबिक जंगल युद्ध, पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में संचालन प्रक्रिया में तालमेल को बढ़ाना है।

### हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा-टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर दिए जाने की मांग की गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया। हवाई अड्डे के फीडबैक इनबॉक्स में गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें प्रेषक ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट को रोकने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर की मांग की।

### पंजाब, अरुणाचल, असम में सड़कों के लिए 27 सौ करोड़ मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि पंजाब, अरुणाचल प्रदेश तथा असम में राष्ट्रीय राजमार्गों को बेहतर बनाने के लिए करीब 2700 करोड रुपए की मंजूरी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग-913 के जिदो-सिंघा खंड तक फैली हार्ड शोल्डर वाली करीब 47 किलोमीटर लंबी ग्रीनफील्ड इंटरमीडिएट लेन रोड के निर्माण के लिए 740.11 करोड़ रुपए के आबंटन को मंजूरी दी गई है और इसका निर्माण इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण-ईपीसी मोड के तहत किया जाएगा। इसी के तहर से असम में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-17 को 4-लेन बनाने के लिए 1338.61 करोड़ रुपए के आबंन को मंजूरी दी गई है।

### ऑगर मशीन के रास्ते में आया स्टील पाइप, काटकर बाहर निकाला

# उत्तरकाशी में कम नहीं हो रहीं बाधाएं



- सुरंग में फंसे मजदूरों के जल्द बाहर निकलने का सभी को इंतजार
- 12 नवम्बर से सुरंग में फंसे हैं 41 मजदूर

**उत्तरकाशी, देशबन्धु।** उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन के सामने फिर बाधा आ गई। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे मशीन से करीब 24 घंटे बाद फिर ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन फिर ऑगर के आगे सरिया व लोहे के पाइप आ गए हैं। सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों के बाहर निकलने का सभी को इंतजार है। काम लगातार जारी है, यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है।

एक छोटी सी बाधा ने इंतजार का समय और बढ़ाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि 800 एमएम व्यास के ह्यूम पाइप्स मजदूरों तक पहुंचने के बेहद करीब थे, लेकिन मलबे में मोटी सरिया के ऑगर मशीन कटर पर अटकने से पुर्जे ही टूट गए। ऐसे में अंदर टेक्निकल दिक्कतों को दूर करने के लिए रातों रात दिल्ली से हेली की मदद लेकर एक्सपर्ट बुलाने पड़े और एनडीआरएफ, एसडीआरडीएफ सहित टीएचडीसी के इंजीनियरों की भी मदद ली गई। गुरुवार को दोपहर में रेस्क्यू कार्य फिर शुरु हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि देर शाम या शुक्रवार तक सभी बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिलहाल सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कार्य को लेकर कोई खुशखबरी सामने अब तक नहीं आई है। हालांकि, अधिकारियों और विशेषज्ञों का दावा है कि फिर से छोटी बाधाएं नहीं आती आती है, तो मजदूरों की निकासी किसी भी पल संभव है। इसी पल के इंतजार में सीएम पुष्कर सिंह धामी मातली में कैंप बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी बीते रोज से इसी क्षेत्र में जमे हैं।

आखिरी वक्त पत्रकारों को जानकारी देते हुए रेस्क्यू नोडल अफसर व उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ नीरज खैरवाल ने बताया कि 45 मीटर तक ह्यूम पाइप पुश किए जाने के बाद बाधा उत्पन्न हो गई थी और रेस्क्यू निरंतर जारी है। हालांकि इसके बाद से कोई आधिकारिक बयान अब तक रेस्क्यू को लेकर सामने नहीं आया है। देखा जाए तो मजदूरों की चिंता इस वक्त परिजनों ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया को भी है। यही वजह है कि यहां विदेशी मीडिया भी डेरा डालकर सुरंग में चल रहे रेस्क्यू के पल पल की अपडेट ले रहा है।

#### श्रमिकों को लेकर प्रधानमंत्री ने ली जानकारी

सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों के स्वास्थ्य को लेकर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेहद संवेदनशील हैं। मोदी रोजाना सिलक्यारा टनल में फंसे 41 श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बारे में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को फोन कर अपडेट ले रहे हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बातचीत में प्रधानमंत्री ने बचाव कार्य में उत्पन्न होने वाली बाधा और रुकावट के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें अवगत कराया कि न्यू ऑस्ट्रियन टनल मेथड से इस सुरंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस्पात से बनी वस्तुओं के ऑगर मशीन के सामने आने पर कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। ऐसे में ऑगर मशीन को रोककर और फिर उसे बाहर निकालकर सभी अवरोधों को श्रमिकों द्वारा दूर किया जा रहा है, जिसके कारण इस प्रक्रिया में समय लग रहा है। धामी को इस दौरान प्रधानमंत्री ने विशेष निर्देश दिए कि जब श्रमिक टनल से बाहर निकलेंगे तो उनके स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

# बकाया वेतन मांगा तो दलित की पिटाई की, मुंह से चप्पल उठवाई

**मोरबी, एजेंसी।** गुजरात के मोरबी शहर में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां एक महिला व्यवसायी ने अपने एक पूर्व कर्मचारी के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। कर्मचारी महिला के पास अपना बकाया वेतन मांगने गया था, जिस पर महिला इतना भड़क गई कि उसने अपने दूसरे कर्मचारियों के साथ मिलकर युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं, उसने युवक को अपनी चप्पल मुंह से उठाने के लिये मजबूर भी किया। पीड़ित युवक दलित समुदाय से ताल्लुक रखता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी महिला का नाम विभूति पटेल उर्फ रानीबा है। पुलिस की दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित नीलेश दलसानिया पहले रानीबा इंडस्ट्रीज प्रा.लि. में काम करता था। उसकी 16 दिन की तनख्वाह बकाया थी, जिसे लेने वह अपने बड़े भाई मेहुल और पड़ोसी ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

#### पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

मोरबी के पुलिस उप अधीक्षक प्रतिपाल सिंह के मुताबिक, पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, नीलेश ने 2 अक्टूबर को कंपनी की सेवा में आया था, वहां उसे 12,000 रुपये महीने का वेतन दिये जाने की बात कही गई। लेकिन 18 अक्टूबर को उसे कंपनी से निकाल दिया गया और कहा गया कि उसकी अब ज़रूरत नहीं है। इसके बाद वह दूसरी कंपनी में काम करने लगा। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार को धारा 323, 504, 506 (2) सहित अन्य धाराओं में आरोपी के ख़िलाफ़ मामला दर्ज किया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति / जनजाति कानून की धाराएं भी लगाई गईं हैं।

# राजस्थान में प्रत्याशियों की परीक्षा आज

- 5 करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता करेंगे मतदान
- 1860 से अधिक उम्मीदवार आजमा रहे चुनावी भाग्य

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान होगा, जिसके लिए सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में राज्य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। वोटिंग के लिए विधानसभा क्षेत्रों में 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 10,501 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 26,393 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्ट की जाएगी।

**65 हजार से ज्यादा ईवीएम मशीनें :** प्रदेश में मतदान के लिए इस बार 65,277 ईवीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इन ईवीएम मशीनों के साथ 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें भी हैं। चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 41,224 वाहनों का अधिग्रहण भी किया है।

**अब तक डाले जा चुके हैं इतने वोट :** विधानसभा चुनाव में इस बार निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा भी दी थी। जिसके तहत 80 साल से अधिक आयु के मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देन की सुविधा दी गई थी। प्रदेश के 61021 मतदाताओं ने घर से वोट दिया है। जबकि 3,01,875 डाक मतपत्र से भी डाले गए हैं। 3 लाख 62 हजार 896 वोट पड़ चुके हैं।

#### मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सख्त

आज होने वाले मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सख्त है। वोटिंग में कोई बाधा न आए इसके लिए 69,114 पुलिस जवानों, 32,876 होमगार्ड के साथ फोरेस्ट गार्ड और आरएसी जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। अति संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों और इलकों में सीएपीएफ की 700 कंपनिंयों तैनात किया गया है। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में 3 फ्लाइंग स्क्वॉड और 3 एसएसटी दल भी तैनात रहेंगे। इसके अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से लगी सीमा से आने वाले अवांछित व्यक्तियों को रोकने के लिए चेकिंग भी की जाएगी।

# कतर ने 8 भारतीयों को मौत की सजा के खिलाफ अपील स्वीकार की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कतर की एक अदालत ने आठ पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा के खिलाफ भारत की अपील स्वीकार कर ली है, जिन्हें पिछले महीने जासूसी के एक कथित मामले में सजा सुनाई गई थी। सूत्रों ने कहा कि कतरी अदालत, अपील की जांच के बाद सुनवाई की तारीख तय करेगी. अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारियों, पूर्णेंदु तिवारी, सुगुनाकर पकाला, अमित नागपाल, संजीव गुप्ता, नवतेज सिंह गिल, बीरेंद्र कुमार वर्मा, सौरभ वशिष्ठ और रागेश गोपकुमार हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आठ भारतीयों को कतर की खुफिया एजेंसी ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया था। लेकिन क़तर के अभी तक इनके ऊपर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है. उनकी जमानत याचिकाएं कई बार खारिज की गईं और पिछले महीने कतर की अदालत ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया। इससे पहले बृहस्पतिवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को सुनायी गई मौत की सजा के खिलाफ अपील की प्रक्रिया जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था कि भारत इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ बातचीत कर रहा है और सरकार भारतीय नागरिकों को सभी कानूनी और दूतावास संबंधी सहायता मुहैया कराना जारी रखेगी।

#### 26 अक्टूबर को सुनाई थी मौत की सजा

कतर की अदालत ने 26 अक्टूबर को आठ भारतीयों को मौत की सजा सुनाई थी. भारत ने फैसले को चौंकाने वाला बताया था और मामले में सभी कानूनी विकल्प तलाशने की बात कही थी. कुछ दिनों बाद, मौत की सजा के खिलाफ एक अपील दायर की गई. बागची ने कहा, मामला फिलहाल वहां कानूनी प्रक्रिया में है. जैसा कि हमने बताया, कतर की अदालत में एक अपील दायर की गई है. हम इस मामले पर कतर के प्राधिकारियों के साथ भी सम्पर्क में हैं और हम उन्हें सभी कानूनी और राजनयिक सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे।

# तेलंगाना चुनाव : 6 सौ करोड़ से अधिक की नकदी, सोना, शराब और मुफ्त उपहार जब्त



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों ने विधानसभा चुनाव कार्यक्रम जारी होने के बाद से राज्य में 603 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की नकदी, सोना, शराब, नशीले पदार्थ एवं मुफ्त उपहार जब्त किए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 214 करोड़ रुपये की नकद राशि, कुल 179 करोड़ रुपये मूल्य का सोना एवं अन्य कीमती धातुएं, 96 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब, 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और 78 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अन्य वस्तुएं/मुफ्त वस्तुएं जब्त की गईं। उन्होंने ने बताया कि विधानसभा चुनावों के लिए कार्यक्रम जारी होने के बाद से हेल्पलाइन पर 1,987 फोन कॉल प्राप्त हुईं। उन्होंने बताया कि जहां तक राष्ट्रीय शिकायत निवारण सेवा में दर्ज शिकायतों की बात है तो कुल 20,670 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें से 20,301 का समाधान कर दिया गया।

बताया गया है कि जिला कॉल सेंटर के माध्यम से 4,673 शिकायतें प्राप्त हुईं और 4,543 का समाधान किया गया। उसमें कहा गया है कि सी-विजिल के माध्यम से 5,183 शिकायत प्राप्त हुईं और उन पर कार्रवाई की गई। इसमें बताया गया है कि अब तक जिला/निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर सुविधा पोर्टल के माध्यम से उम्मीदवारों/राजनीतिक दलों को 22,254 अनुमति दी गई हैं।

### जम्मू-कश्मीर समेत सात राज्यों में बारिश की संभावना

# देशभर में अगले हफ्ते तक बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर समेत 7 राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। बीते 5 दिनों में पहली बार गुरुवार को कश्मीर का पारा 0.9 डिग्री से ऊपर रहा। पहलगाम और अंनतनाग में माइनस 3.3 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा ठंड रिकार्ड की गई। आईएमडी ने अगले हफ्ते से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है।

वहीं गुलमार्ग में तापमान माइनस 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। बांदीपुरा, बारामूला, गांदरबल, कोकरनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा जैसे इलाकों में तापमान जीरो से 1.7 ड़िग्री के बीच रहा। स्काइमेट के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है।

दिल्ली-एनसीआर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में रहेगा। आईएमडी साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से जम्मू-कश्मीर में जल्द ही हल्की बर्फबारी हो सकती है। वहां 26- 27 नवंबर को तूफान आने और ओले गिरने की भी आशंका है। वहीं, सेंट्रल इंडिया में भी इस दौरान ओले गिर सकते हैं। दिल्ली में भी ठंड के साथ अब धुंध बढ़ने लगी है। राजधानी दिल्जी की हवा शुक्रवार को एक बार फिर खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। राजधानी का ओवर ऑल एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 388 रहा। कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार रिकॉर्ड किया गया। पूसा में एक्यूआई 403, आईआईटी दिल्ली में 579, लोधी रोड क्षेत्र में 359 दर्ज किया गया। दिल्ली यूनिवर्सिटी एरिया और एयरपोर्ट (टर्मिनल-3) क्षेत्र में एक्यूआई 386 और 398 दर्ज किया गया।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 411 था। अलीपुर, वजीरपुर और आरकेपुरम में 432, 443 और 422 के साथ एक्यूआई गंभीर कैटेगरी में दर्ज किया गया। तमिलनाडु में पिछले दो दिन से रुक-रुककर बारिश हो रही है। कई जगह लैंडस्लाइड भी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार व शुक्रवार को कोयम्बटूर जिले के मेट्टुपालयम इलाके में 373 एमएम और नीलगिरी में 369.9 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। ये अब तक सीजन की सबसे ज्यादा बारिश है। ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

# संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 4 दिसम्बर तक जेल में ही रहेंगे।

स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, संजय के वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि संजय की जमानत के लिए याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हो सकती है। इससे पहले संजय को 10 नवम्बर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ाई गई थी। दिल्ली शराब घोटाला मामले में संजय सिंह 52 दिन से हिरासत में हैं। संजय सिंह को चार अक्टूबर को अरेस्ट किया था। दिल्ली शराब घोटाला मामले में इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। इसको लेकर संजय सिंह ने काफी हंगामा मचाया था। दरअसल, मई में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। ईडी ने इस पर जवाब दिया कि हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। जिसके बाद ईडी ने संजय सिंह को मीडिया में बयानबाजी न करने की सलाह दी थी, क्योंकि मामला कोर्ट में लंबित है।

# डीपफेक को लेकर केंद्र के तेवर सख्त

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सात दिन का समय
- प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद करेगा केंद्र

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। साफ कहा गया है कि इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को दो-टूक कहा कि शुक्रवार से इस संबंध में सरकार की नीति जीरो टालरेंस की रहेगी। इस मामले में मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे सात दिनों के भीतर उपयोग करने की अपनी शर्तों को आईटी नियमों के अनुसार बदल लें। साथ ही डीपफेक का गलत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की तैयारी भी कर ली गई है। राजीव



चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार की तैयारी एक वेबसाइट बनाने की है। इसके माध्यम से लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराने में सहूलियत होगी। इसके अलावा सरकार लोगों को मामला दर्ज करने में सहयोग देने के लिए एक अधिकारी की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2022 से ही भारत सरकार गलत सूचना और डीपफेक के खतरे को लेकर सभी अलर्ट करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स मंत्रालय ने सभी प्लेटफॉर्म्स को इस महीने की शुरुआत में एक एडवाइजरी जारी किया था, जिसमें ऐसे कानूनी प्रावधानों को बताया गया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी प्लेटफॉर्म्स का गलत सूचना के प्रसार को रोकना कानूनी दायित्व है।

## सार समाचार

### भानपुरा का अवैध शराब माफिया पुलिस के हत्थे चढ़ा

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा पुलिस द्वारा भानपुर.बड़ोदिया रोड पर 80 लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बिना नम्बर प्लेट की मोटर सायकल से अवैध शराब से भरी दो सफेद प्लास्टिक की केनों को बेचने की नियत से भानपुरा तरफसे एबी रोड ताज होटल के सामने बडोदिया जोड तरफआ रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जहाँ थोडी देर बाद एक व्यक्ति बिना नंबर प्लेट की बाईक से आते हुए दिखा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। जिसकी बाईक पर टंगी दोनों केनों में चेक किया तो 40.40 लीटर अवैध शराब बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सागर कंजर पुत्र ज्ञानसिंह कंजर निवासी ग्राम भानपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 34;2द्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि अवैध कच्ची शराब के बदनाम भानपुरा में अवैध शराब के कई मामलों में आरोपी फरार था।

# बीनागंज पुलिस ने जुए के फड़ पर मारे छापे, दर्जन भर गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत बीना पुलिस चौकी द्वारा दो अलग.अलग जगहों पर दबिश देकर एक दर्जन से अधिक जुआरियों को रंगे हाथों जुआ खेलते हुए दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग सब्जी मण्डी के पास बीनागंज में बैठकर ताश के पत्तों पर हार जीत का दांव लगा रहे हैं।

उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो 6 व्यक्ति मंडी के पास आम स्थान पर बैठकर जुआ खेल रहे हैं। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम निर्मल पुत्र रघुवीरसिंह शिल्पकार निवासी घोसी मोहल्ला बीनागंजए अमन पुत्र मांगीलाल घोसी निवासी डांक बगला रोड बीनागंजए बंटी घोसी पुत्र गंगाराम घोसी निवासी घोसी मोहल्ला बीनागंजए राहुल पुत्र रामचरण घोसी निवासी घोसी मोहल्ला बीनागंजए विष्णु पुत्र रामचरण घोसी निवासी घोसी मौहल्ला बीनागंजए मनीष पुत्र शिवराज मीना निवासी बीनागंज बताए। पुलिस ने इनके पास से 1950 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह बीनागंज पुलिस द्वारा ही सब्जी मण्डी शनिदेव मंदिर के पास कार्रवाई कर आधा दर्जन जुआरी दबोचे।

मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी तो यहां कुछ लोग जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा। जिनमें कालू घोसी पुत्र बलराम घोसी निवासी अम्बेडकर चौक बीनागंजए आकाश पुत्र कैलाशए विजय पुत्र नंदा घोसीए रवि पुत्र कैलाश लोधीए पवन पुत्र रमेश घोसी ए जितेन्द्र पुत्र देवीसिंह घोसी निवासीगण घोसी मोहल्ला बीनागंज शामिल हैं। पुलिस ने जुआरियों से 2110 रुपए नगदी तथा ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी उक्त कृत्य पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### सट्टा पर्ची काटते हुए सटोरिया गिरफ्तार

इसके अलावा बीनागंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में सट्टा की पर्ची काटते हुए एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अम्बेडकर पार्क के सामने सट्टा पर्ची काटते हुए बाबूलाल पुत्र शंकरलाल मीना को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने एक सट्टा अंक लिखी पर्चीए 190 रूपये नगदी तथा एक पेन मौके बरामद किया। पुलिस ने सटोरिए पर धारा 4;कद्ध सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# पड़ोसियों में चले लाठी-डंडे और तलवार

## कुंभराज पुलिस ने किया, दोनों पक्षों का मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत डस्टोन कार्यक्रम में पड़ोसी को नहीं बुलाने को लेकर दो परिवार आपस भिड़ गए। विवाद की चिंगारी तब और सुलग उठी जब डस्टोन के मौके पर परिजन एवं रिश्तेदार घर के बाहर नाच.डांस कर रहे थे। इसी बात से नाराज पड़ोसी आपस में उलझ पड़े। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक.दूसरे पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी रामबाबू पुत्र मिश्रीलाल वाल्मीक निवासी वार्ड क्रमांक 1 इंद्रा कालोनी ने अपने बेटे राकेशए राजकुमार वाल्मीक के साथ थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि गत रात 11ण्30 बजे उसके घर पर उसके भाई सत्यनारायण के लड़के दीपक वाल्मीक की लडकी हुई थी, जिसका डस्टोन का कार्यक्रम चल रहा था। तभी मोहल्ले के संजू पुत्र छोटेलाल वाल्मीक, हिदेश पुत्र छोटेलाल वाल्मीक, लखन पुत्र रामचरण वाल्मीक एवं नरेश पुत्र संजू वाल्मीक आए और कहने लगे तुमने हमें कार्यक्रम में क्यों नहीं बुलाया। जिस पर फरियादी ने कहा कि हमारे घर का कार्यक्रम है हमारी मर्जी है। इसी बात पर से चारों ने गाली गलौंच कर तलवार से हमला कर दिया। जिसमें फरियादी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दौरान मौके पर मौजूद मेहमान ने किसी तरह बीच बचाव किया। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

उक्त मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया है। दूसरे पक्ष के फरियादी किशन पुत्र रामचरण वाल्मिकी निवासी वार्ड क्र. 1 इंद्रा कालोनी ने अपनी चाची मंजू बाईए भाई लखन एवं भाभी सोना बाई के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की कि गत रात करीब 11ण्30 बजे की बात होगी वह अपने घर पर था कि हमारे मोहल्ले में रहने वाले विक्रम के भाई दीपक के यहां लड़की हुई थी तो उनकी बहु कल बाहर निकली थी। इस दौरान वह लोग डांस वगैरह कर रहे थे तो आपस में गाली गलौच कर रहे थे। जिस पर फरियादी ने कहा कि यहाँ गाली गलौच मत करो। इसी बात पर से विक्रम तथा उसका भाई राकेशए मोन्टी तथा चाचा सत्यनारायण ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए उनके भाई लखनए भाभी एवं चाची के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर मृगवास थानांतर्गत ग्राम झीकनीं में ट्रेक्टर पर तेज आवाज साउण्ड में गाने बजाने से रोकना एक महिला को भारी पड़ा। महिला के साथ आरोपी एवं उसके भाई ने मारपीट कर दी। आरोपी महिला के ही परिवार के रिश्तेदार बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रेखाबाई पत्नी चन्दर सिंह राजपूत (36) ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गुरुवार रात को वह अपनी भैंसो को चारा डाल रही थी। तभी उनके ही परिवार के भागीरथ सिंह राजपूत ने अपने ट्रेक्टर पर रखा साउण्ड तेज आवाज में चालू कर दिया। जिससे उनकी भैंसे गई तो फरियादिया ने बाहर जाकर भागीरथ से मना किया कि साउण्ड बंद कर दो मेरी भैंसों को दिक्कत हो रही है। इसी बात पर भागीरथ और उसका छोटा भाई संतराज राजपूत ने लाठी-डंडे से उसकी मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मापरपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय बौद्ध महासभा और सामाजिक न्याय परिषद कल देगा धरना




**गुना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है। पदाधिकारियों ने मांगों को मनमाने के लिए दिल्ली स्थित जंतर मंतर पर 26 नवंबर को धरना प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। शुक्रवार को महासभा के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर बताया कि दिल्ली में धरना प्रदर्शन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा व सामाजिक न्याय परिषद के संयुक्त तत्वाधान में किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता महासभा के संस्थापक और पूर्व विधायक धर्म प्रकाश भारतीय बौद्ध करेंगे।

उन्होंने बताया कि धरने के दौरान संगोल राजदंड को नए संसद भवन से हटाने, बौद्धों का पर्सनल लॉ बोर्ड बनाने समान नागरिक संहिता यूसीसी को समाप्त करने, शिक्षा का राष्ट्रीयकरण करने, ओबीसीए एससी.एसटी का आरक्षण कोटा पूरा करने, निजीकरण को बंद करनेए संपूर्ण भारत में जातीय जनगणना कराने, आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने और ईवीएम वोटिंग मशीन को बंद कराने की मांगों को जोरशोर से उठाया जाएगा। इस दौरान डीपी गौलियाए प्रकाश सिंह धाकड़ए कोमल प्रसाद शाक्य आदि उपस्थित थे।

# आज से फिर 3 दिनों के लिए मंडी रहेगी बंद, बार-बार ब्रेक से परेशान किसान




**गुना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी में इन दिनों खरीफ फसलों की बंपर आवक हो रही है। लेकिन बार.बार शासकीय अवकाशों के कारण मंडी अपनी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है।

पहले दीपावली एवं मतदान की लंबी छुट्टियों के बाद खुली मंडी पांच दिन ही चल पाई कि अब लगातार तीन की छुट्टियों ने इसकी रफ्तार पर रोक लगा दी। रबी फसलों की तैयारियों में जुटे किसानों को इन दिनों नगदी की सख्ती जरूरत है। ऐसे में किसान बड़ी मात्रा में अपनी उपज मंडी में बेचने आ रहे हैं। जिसके बेचने के बाद उसे रबी फसलों के लिए खाद.पानी की व्यवस्था करना है। इसके अलावा शादी.ब्याहों का भी सीजन है। ऐसे में मंडी में बंपर मक्का एवं सोयाबीन की आवक हो रही है। जिसके चलते यहां मंडी गेट पर जाम की बड़ी समस्या बन गई है।

अब एक बार फिर तीन दिनों के लिए मंडी बंद रहेगी। मंडी प्रशासन ने बताया कि 25 नवंबर को शनिवार बैंक अवकाशए 26 को रविवार अवकाश एवं 27 को जैन विमानोत्सव एवं गुरु नानक जयंती होने से डाक नीलामी बंद रहेगी। छुट्टियों के मद्देनजर मंडी प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वह अवकाश के दिनों अपनी उपज मंडी प्रांगण में विक्रय हेतु लेकर न आएं। वहीं अपने अपने आसपास के किसान भाईयों को भी सूचित करें।

### हाथ में रिवाल्वर लिए विक्षिप्त युवक ने हाइवे पर किया धमाल, न्यायालय ने भेजा अस्पताल

**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर एक विक्षिप्त युवक हाथ में रिवाल्वर लिए ड्रामा करने लगा और पुलिस की हण्ड्रेड डायल गाड़ी पर चढ़कर उत्पात मचाने लगा।



काफी भीड़ जमा हो गई और जाम लगने लगा, तब एक घंटे बाद पुलिस ने उसे पकड़ा और न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायाधीश द्वारा उसे विक्षिप्त मानते हुए ग्वालियर मेंटल हॉस्पिटल के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि कृष्ण शर्मा निवासी जौरी गांव नामक एक युवक शुक्रवार की दोपहर को एक रिवॉल्वर लेकर राजपूत ढाबा के सामने हाईवे पर उत्पात मचाने लगा, जिससे वहां ट्रैफिक जाम हो गया और भारी भीड़ जमा हो गई। वहीं हाईवे पर खड़ी पुलिस की हंड्रेड डायल गाड़ी पर भी युवक चढ़ गया और तमाशा करने लगा। काफी देर बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल लेकर आई। थाना प्रभारी सुनील खेमरिया ने बताया कि युवक एक-दो दिन से ही विक्षिप्त हुआ है और एक खराब सी रिवाल्वर लेकर हाईवे पर तमाशा कर रहा था, क्योंकि वह विक्षिप्त था, इसलिए आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज नहीं किया जा सकता। उसे धारा 101 मेंटल हेल्थ एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायाधीश द्वारा उसे ग्वालियर मेंटल हॉस्पिटल के लिए भेज दिया गया है।

# राष्ट्रीय समाज रत्न से सम्मानित किए गए सतीश



**सीहोर, देशबन्धु।** राठौर छात्रीय समाज के राष्ट्रीय महासभा के प्रभारी उपाध्यक्ष (मध्यप्रदेश) और सीहोर राठौर समाज के अध्यक्ष सतीश राठौर का उज्जैन मे आयोजित समाज के भव्य कार्यक्रम मे राठौर समाज के समाज रत्न से सम्मनित किया गया।

उल्लेखनीय है कि सतीश राठौर एक लम्बे समय से सीहोर राठौर क्षत्रीय के अध्यक्ष रहते हुएए भव्य रामजानकी मन्दिर का नव निर्माण, राठौर समाज की धर्मशाला की पुर्ननिर्माण, राठौर पार्क में वीर दुर्गदास की प्रतिमा, अखिल भारतीय राठौर समाज का समय ग्रहण समारोह विगत् दस वर्षों से लगातार समाज का ऐतिहसिक चल समारोह का नेतृत्व कर समाज की सामाजिक गतिविधियों का संचालन करते हुए समाजिक विवादों का आपसी सहमति से समभोक्ता कर विशिष्ठ कार्य किये है। इनके द्वारा समाज के प्रति ऐतिहसिक कार्य की प्रसंशा कर उज्जैन राठौर युवा संघर्ष मंच भारत द्वारा उन्हें राठौर समाज रत्न से सम्मनित किया गया। इस अवसर पर राठौर समाज सीहोर के राजेन्द्र राठौर कक्का, त्रिलोक सिंह, राजेश राठौर, नरेन्द्र आर्य, चम्पालाल, राजेन्द्र खेरटिया, जितेन्द्र राठौर, अजय, प्रमोद राठौर, हर्षा राठौर, नूतन राठौर, हेमा, प्रेमलता राठौर, सुनीता, सुधीर गुरू, बलराज, गोविंद पहलवान सहित राठौर समाज के सभी वरिष्ठजन शामिल हैं।

### धनवाल बने कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला सचिव

**आष्टा, देशबन्धु।** लाला धनवाल को जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग का जिला सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर और वरिष्ठ पदाधिकारियों की अनुशंसा पर की गई। धनवाल की नियुक्ति पर सुरेन्द्र परमार एडवोकेट,सुनील कटारा, राजेश यादव , देवराज परमार, डा गीतम ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जिला उपाध्यक दिलीप आंवलेए डॉ हरी मेवाड़ा, रमेश कटारिया, करण परमार, रामचरण दवारिया, जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग जिला उपाध्यक्ष अर्जुन अजय , जनपद सदस्य पहलाद बामनिया, कैलाश प्रहलथिया, राजेंद्र भारती, जितेन्द्र ठेकेदार, सावत सिंह एरतन परिहार ए सवाई सिंह ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, बजेन मालवीय, सुनील मालवीयए चिंटू बड़ोदिया, दिलीप धनवाल राजकुमार दीपक आदि वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने आभार माना।



# अर्द्धवार्षिक परीक्षा मे शत-प्रतिशत छात्र शामिल हों : राजपूत

**आष्टा, देशबन्धु।** अगले माह से शासकीय स्कूलों में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। जिसे लेकर शिक्षा विभाग पूरी तैयारी कर रहा है। इसी क्रम मे विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजब सिंह राजपूत के द्वारा शासकीय हाई स्कूल चुपाडिया, शासकीय हाई स्कूल जाफराबाद, प्राथमिक शाला कासम पूरा, प्राथमिक शाला मुगली, माध्यमिक शाला बोरखेड़ा का निरीक्षण किया गया। सभी शालाओं में व्यवस्था दुरुस्त पाई गई, सभी शिक्षक उपस्थित मिले।

श्री राजपूत ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चे शामिल हो। एवं 10 वी 12 वी के बच्चों की निदानात्मक कक्षाओं का संचालन नियमित करे। नियमित रूप से परिसर, कक्षा, शौचालय की साफ-सफाई हो, कक्षा दसवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्र संख्या 3217 और कक्षा 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने वाली छात्र संख्या 2506 है।

## उज्जैन इस्कॉन मंदिर के मुख्य सन्यासी 25 को आएंगे आष्टा

**आष्टा , देशबन्धु।** नगर के कन्नौद रोड स्थित गीतांजलि गार्डन के समीप स्थित आष्टा इस्कॉन सेंटर पर 25 नवंबर दिन शनिवार को उज्जैन इस्कॉन मंदिर के मुख्य सन्यासी संत एच एच भक्ति प्रेम स्वामी गुरु महाराज का आगमन होगा। उक्त जानकारी देते हुए इस्कॉन सेंटर प्रमुख संदीप सोनी ने आगे बताया कि 25 नवंबर की शाम 7 बजे गुरुजी का आगमन होगा। जहां इस्कॉन सेंटर के नेतृत्व में सेंटर के विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा गुरुजी का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके पश्चात इस्कॉन सेंटर से जुड़े भक्त भक्ति प्रेम स्वामी गुरुजी से धार्मिक चर्चाएं करेंगे एवं आध्यात्मिक से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे। इसी के साथ अगले दिन 26 नवंबर दिन शनिवार से 3 दिसंबर दिन शनिवार तक आठ दिवसीय जागरूकता अभियान के माध्यम से आनंदीपुरा, शोभाखे, बागेर, भंवरा, मांडली, ढाकनी, मुगली, जताखों आदि अन्य गांव में से प्रतिदिन एक.एक गांव पहुंचेंगे। जिसका मुख्य उद्देश्य गीता एवं भगवतम जैसे ग्रंथों का प्रचार करना उनकी शिक्षा देना।

### खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भण्डारा व भजन संध्या का आयोजन

**सीहोर, देशबन्धु।** श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को विशाल भण्डारा एवं भजन संध्या का हुआ। इस आयोजन में श्री खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर भजन गायिका ममता गुप्ता के निज निवास कार्यशाहरोड गल्ला मण्डी सीहोर में 23 नवम्बर को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर श्री श्याम का भव्य श्रंगार किया गया, अखण्ड ज्योति प्रज्वलित की गई, इत्र की वर्षा की गई और छप्पन भोग चढ़ाकर भजन गायिका ममता गुप्ता एवं भजन गायिका सारिका इंगले भोपाल द्वारा भजन संध्या में सुमधुर भजनों की मनमोहक प्रस्तुती दी। जिस पर बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मप्रमियों द्वारा भजनों पर जमकर नृत्य कर किया गया। शुक्रवार को 24 नवम्बर को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

समय पर नहीं मिल रहे हैं किसानों को टोकन, लग रही लंबी-लंबी कतारें

# गोदाम पर कर्मचारियों के अभाव में नहीं मिल पा रहा जनता को खाद



**पोरसा, देशबन्धु।** इन दिनों सभी स्थानों पर सरसों एवं गेहूं की फसल का सीजन चल रहा है, जहां किसानों को खाद की अति आवश्यकता रहती है। पोरसा गल्ला मंडी प्रांगण में मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मुरैना द्वारा खाद वितरण किया जाता है, जहां खाद वितरण खिडकी पर कर्मचारी मात्र एक है, जो मशीन चलाना, रजिस्टर अंकित करना, पैसे लेना, इतने सारे काम एक आदमी कैसे कर सकता है। विभाग के पास कर्मचारी नहीं होने के कारण किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रहा है, जिससे गल्ला मंडी प्रांगण में कई बार हंगामा देखने को मिला।

कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा टोकन सुबह से लेकर दोपहर तक वितरित करना चाहिए, लेकिन यहां अलग ही सिस्टम मनोहर जी के मुताबिक चला रखा है। 10 बजे से टोकन वितरण किया जाता है, एक घंटे बाद टोकन वितरित करने वाला कर्मचारी लापता हो जाता है। किसान दिन भर उसको ढूंढते रहते हैं, इधर-उधर घूमने के बाद किसान बगैर खाद के घर वापस लौटते हैं। सैकड़ो किसान ऐसे हैं, जो सुबह 6 बजे से कतार में लगे रहते हैं और शाम को 4 बजे खिडकी बंद कर दी जाती है और उनका नंबर ही नहीं आ पाता, जिससे उन्हें खाद नहीं मिलता है।

### *खिडकी बढ़ा दी जाए तो समस्या का हो सकता है हल*

*पोरसा तहसील स्थित गल्ला मंडी प्रांगण में खाद वितरण के लिए एक ही खिडकी है, भीड़ अधिक है। खाद की किसी प्रकार की कमी नहीं है, लेकिन कमी बांटने वालों की है, अगर अतिरिक्त खिडकी चालू कर दी जाए और कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी जाए तो किसानों को समय पर खाद मिल सकता है।*

### *इनका कहना है*

*इन दिनों पोरसा में खाद की कमी नहीं है, पर्याप्त मात्रा मे खाद उपलब्ध है और आगे और भी रैक लग रही हैं जिससे पोरसा के किसानों को खाद मिलेगा। मैंने कर्मचारियों को निर्देश दे दिया है टोकन व्यवस्था में भी सुधार किया जाएगा। इसके अलावा कर्मचारी की संख्या बढने पर भी विचार किया गया है, जिससे समय पर किसानों को खाद मिले।*

***मोहनलाल शर्मा, एसडीओ, कृषि विभाग, पोरसा***

अण्डर-15 गर्ल्स बीसीसीआई क्रिकेट टूर्नामेंट

# चम्बल डिवीजन का खेल मैदान इंग्लैंड के क्रिकेट ग्राउंड से कम नहीं : मेहता

- **मुम्बई ने एक तरफा मुकाबले में 9 विकेट से जीत हासिल की**

**मुरैना, देशबन्धु।** चम्बल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के करुआ मैदान पर अण्डर-15 गर्ल्स बीसीसीआई क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन और मुम्बई क्रिकेट एसोसिएशन के बीच मुकाबला हुआ जिसमें हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया । हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 27.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 71 रन बनाए जवाब में मुम्बई की टीम ने यह लक्ष्य 14.3 ओवर में 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरीके से मुम्बई ने एकतरफा मुकाबले मे यह मैच 9 विकेट से जीत लिया। अगला मुकाबला शनिवार को झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच खेला जायेगा। मुम्बई की तरफ से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली आर्या को प्लेयर ऑफ द मैच चम्बल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा प्रदान किया गया।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चम्बल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व आई.ए.एस. प्रशांत मेहता, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओपी शुक्ला, और वरिष्ठ डॉ. विवेक राठी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रशांत मेहता ने बोलते हुए चम्बल डिवीजन क्रिकेट ग्राउण्ड की तुलना इंग्लैंड के क्रिकेट काउंटी ग्राउण्ड से की। इस अवसर पर उन्होंने चम्बल डिवीजन की जमकर तारीफ की। वहीं चम्बल डिवीजन पर पधारे हुए मैच के अधिकारी गण मैच रेफरी अनुपम नार्वेकर, अम्पायर भट्टाचार्य और अभिषेक गुप्ता ने चम्बल डिवीजन की व्यवस्थाओं, बेहतरीन ग्राउण्ड की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यहां आकर घर जैसी अनुभूति हो रही है।

सभी ने अच्छे ढंग से टूर्नामेंट को आयोजित करने पर चम्बल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन और उसके पूरे परिवार की जमकर तारीफ की और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर चम्बल डिविजन क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव तस्लीम खान, सुनील राजोरिया, सौरभ यादव, रवि अवस्थी, सनथ गुर्जर, राजेश तोमर, अतुल प्रताप, आशीष सविता, सलाम फारूखी नफीस अफजल, आबिद अली, राहुल शर्मा, बृजराज शर्मा, अश्विनी तोमर, शहजाद खान, सचिन राजोरिया आदि सदस्य मौजूद थे।

# मतगणना स्थल पर सुरक्षा सख्त, कलेक्टर लगातार रख रहे नजर



**भोपाल, देशबन्धु।** जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों की दो हजार 49 ईवीएम मशीन जिला जेल में बने स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं। इनकी सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन द्वारा तीन स्तर का घेरा बनाया गया है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के द्वारा भी चौबीस घंटे नजर रखी जा रही है। इतना ही नहीं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर आशीष सिंह भी हर दिन अमले के साथ यहां पर निरीक्षण कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि तीन दिसंबर को जिला जेल में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू की जाएगी। इसके लिए सभी तरह की तैयारियां यहां की जा रही हैं।

स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है। वहीं तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए जेल परिसर के मुख्य द्वार पर ही बेरिकेडिंग की गई है और अस्थायी चौकी भी बनाई गई है, जिसमें आठ-आठ घंटे में सीएसपी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं। जिला जेल में सुरक्षा के लिए लगभग 2 सौ पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें पैरामिलिट्री फोर्स और सीआईएसएफ के जवान शामिल हैं। वहीं स्ट्रांग रूम के मुख्य द्वार पर सीआईएसएफ के जवान तैनात हैं। साथ ही यहां पर चौबीस घंटे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी नजर लगाए हुए हैं।

उधर कलेक्टर आशीष सिंह शुक्रवार को पुरानी जेल पहुंचे और विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को देखा। उन्होंने रिटर्निंग अधिकारी को मतगणना से संबंधित सभी तरह की तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान नोडल मतगणना संदीप केरकेट्टा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रविशंकर राय सहित सभी आरओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कर्मचारियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

उधर सात विधानसभा क्षेत्रों की डाक मतपत्र और दो हजार 49 ईवीएम के मतों की गिनती के लिए करीब एक हजार 2 सौ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इससे पहले कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, शुक्रवार तक दो चरण में कुल आठ सौ अस्सी कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। अब दूसरे चरण का प्रशिक्षण 30 नवंबर को होगा। टीटीनगर स्थित माडल हायर सेकंडरी स्कूल में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# पेड़ से लटका मिला 9वीं के छात्र का शव



**भोपाल, देशबन्धु।** रातीबढ़ थाना इलाके में खेत में नौवीं कक्षा के एक छात्र ने पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। इस वजह से खुदकुशी की वजह का पता नहीं चल सकी है। जांच के बाद ही खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल छात्र का मोबाइल फोन भी जब्त किया है।

रातीबड़ थाना पुलिस के मुताबिक मूलतः गौहरगंज जिला रायसेन निवासी 16 वर्षीय पंकज पुत्र नान सिंह मौर्य नौवीं कक्षा का छात्र था। वह रातीबढ़ में रघुकुल कालेज के पास अपने माता-पिता के साथ रह रहा था। उसके पिता रघुकुल कॉलेज में देख-रेख का काम करते हैं। गुरुवार दोपहर को वह अचानक घर से गायब हो गया था। परिजन शाम को उसे खोजने निकले। इस दौरान रघुकुल कालेज के पीछे एक पेड़ पर उसका शव फांसी पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर यह मामला खुदकुशी का नजर आ रहा है। शव की तलाशी में कोई पत्र नहीं मिला। इस वजह से खुदकुशी की वजह का पता नहीं चल सका। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के विस्तृत बयानों के बाद आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### भाई को फोन लगाया और दोस्तों से माफी मांगी

छात्र के बड़े भाई बहादुर मौर्य ने बताया की पंकज गुरुवार दोपहर ढाई बजे घर से निकला था। उसने मां और पिता से खेत में सफाई करने जाने की बात कही थी। दोनों से उसे बेवजह खेत पर जाने से मना किया। कहा था खेत में सफाई की कोई जरूरत नहीं थी। लेकिन, वह नहीं माना और चला गया। घर से ही उसने एक गमछा और रस्सी साथ ली थी। इसके बाद उसने शाम करीब साढ़े चार बजे मुझे फोन किया। पूछा कहां हो, कैसे हो कोई परेशानी तो नहीं। मैंने पूछा यह सब क्यों पूछ रहे हो तो उसने कुछ नहीं कहा और फोन कट कर दिया। इसके बाद वह दोस्त नेनू के पास पहुंचा उसके साथ चाय पी, फिर अनिल तथा मुनेश से मिला। तीनों से बातों ही बातों में माफी मांगी। इसके बाद खेत में जाकर नीम के पेड़ से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

### अरब सागर से आ रही नमी से बदलेगा मौसम का मिजाज

# बारिश के साथ ओले गिरने की आशंका

**भोपाल, देशबन्धु।** उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़कर आगे बढ़ गया है। इसके साथ ही अरब सागर में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। इसके असर से शनिवार से प्रदेश में कहीं-कहीं बादल छाने लगेंगे। साथ ही रविवार को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान इंदौर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं ओले भी गिर सकते हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी प्रकाश ढवले ने बताया कि अरब सागर में हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बन गया है। इस चक्रवात से लेकर उत्तर महाराष्ट्र तक एक द्रोणिका बन गई है। अरब सागर से नमी मिलने के कारण शनिवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलने लगेगा और दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश में बादल छाने लगेंगे। खंडवा, खरगोन में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा भी हो सकती है। बादलों के कारण दिन के तापमान में गिरावट होगी, जबकि रात के तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने लगेगी। रविवार को भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में झमाझम बारिश हो सकती है। मौसम साफ होने के बाद 29 नवंबर से रात के तापमान में फिर गिरावट शुरू होने की संभावना है।

### ग्वालियर में रहा सबसे कम तापमान

उधर, शुक्रवार को प्रदेश के 21 शहरों में तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। प्रदेश में सबसे कम 10.5 डिग्री सेल्सियस तापमान ग्वालियर में दर्ज किया गया। दतिया में रात का तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं पर्यटन स्थल पचमढ़ी में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

# आरटीओ उड़नदस्ते ने की सवा 3 सौ वाहनों की जांच

**भोपाल, देशबन्धु।** आरटीओ उड़नदस्ते ने निरंतर तीसरे दिन शुक्रवार को शहर में तबाड़तोड़ वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया। सुबह 10 से शाम छह बजे तक कुल पांच स्थान लालघाटी, मिसरोद, एमपी नगर, भारत टाकीज, भेल पिपलानी चौराहा पर 322 बसों व व्यवसायिक वाहनों को जांचा। उड़नदस्ते ने बस, मैजिक, आपे आटो, ई-रिक्शा, लोर्डिंग, ट्रकों के पंजीयन कार्ड, चालकों का लाइसेंस, खाकी वर्दी, फर्स्ट एंड बाक्स समेत वाहनों की फिटनेस देखी। इसमें कुल 42 व्यवसायिक वाहन मोटर व्हीकल एक्ट का पालन किए बगैर सड़कों पर दौड़ते हुए मिले। वाहन मालिकों व चालकों को नियमों का पालन नहीं करने पर कड़ी चेतावनी दी। साथ ही एक लाख 14 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला। वहीं 11 बसें व अन्य व्यवसायिक वाहन ऐसे मिले, जिनके जरूरी कागजातों में खामियां मिलीं। इस पर इन वाहनों को जब्त कर संबंधित थाना परिसर में खड़ा कराया गया। आरटीओ संजय तिवारी ने बताया कि कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर व्यवसायिक वाहनों का जांच अभियान चलाया जा रहा है। मोटर व्हीकल एक्ट का पालन नहीं करने वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# कोलार सड़क निर्माण में बाधा बन रहे अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर

**भोपाल, देशबन्धु।** कोलार तिराहा गेस्ट हाउस से गोल जोड़ तक बनाई जा रही 15 किलोमीटर 6 लेन सड़क के बीच में जितने भी अतिक्रमण आ रहे हैं अब उन्हें जल्द से जल्द तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए जाएंगे। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो फिर बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को जमींदोज किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने कोलार सिक्स लेन रोड निर्माण कार्य के पैदल निरीक्षण के दौरान शुक्रवार को दिए हैं।

कलेक्टर आशीष सिंह ने कोलार तिराहा से चूनाभट्टी, सर्वधर्म, मंदाकिनी, दानिश कुंज होते हुए आलोकधाम तक सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया तो मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों ने बताया गया कि अभी भी कई स्थानों पर अतिक्रमण है। इसके चलते काम में रूकावट आ रही है, लिहाजा अतिक्रमणों को हटाया जाना जरूरी है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधितों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दें। इसके बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया जाए तो एसडीएम नियमानुसार कार्रवाई करें। अतिक्रमण की वजह से सड़क निर्माण का कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कार्य की भौतिक प्रगति देखी और अधिक गति से करने के लिए कहा है। इस पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने दावा करते हुए कहा कि सड़क निर्माण जिस गति से किया जा रहा है उससे एक साल का काम जनवरी तक पूरा हो जाएगा। इस दौरान एसडीएम अंशुल खरे, एसडीएम आशुतोष सिंह नगर निगम, प्रशासन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### उड़ती धूल देख करवाया पानी का छिड़काव

कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान लोग धूल उड़ने से परेशान हो रहे थे तो उन्होंने तत्काल टैंकरों से पानी का छिड़काव कराया। साथ ही निर्देश दिए हैं कि अब प्रतिदिन चार टैंकर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करेंगे, जिससे धूल उड़ने की समस्या न हो।

# प्रो. विनीता का व्याख्यान आज

**भोपाल, देशबन्धु।** होशंगाबाद विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम (होविशिका) के 50 साल और एकलव्य फाउंडेशन के 40 साल पूरे होने के मौक़े पर संस्था ने पिछले एक साल में कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इसी श्रृंखला में आयोजित होविशिका व्याख्यानमाला की अगली कड़ी में 25 नवम्बर शनिवार को वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफ़ेसर विनीता बाल औरतें, विज्ञान, पर्यावरण व समाज विषय पर व्याख्यान देंगी। क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, और एकलव्य फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन शाम 4 बजे से में संग्रहालय के सभागार में आयोजित है। व्याख्यान के पहले एकलव्य के ही ज़मीनी कार्यक्रम से जुड़े बच्चों द्वारा अभिनीत एक नाटक जादुई कोट और चार चोर का मंचन किया जाएगा


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

अरविन्द विहार बागमुगालिया हाउसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में दुकान क्रमांक 01 मंडल द्वारा श्रीमती अनीता राठौर पत्नी श्री मेहताब सिंह राठौर एवं श्रीमती राजश्री राठौर पत्नी श्री अहिवरन सिंह के संयुक्त नाम पर हस्तांतरण आदेश क्रं. 1888-92 दिनांक 05.08.2008 द्वारा हस्तांतरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 07.01.2008 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्रीमती अनीता राठौर पत्नी श्री मेहताब सिंह राठौर द्वारा दुकान से अपने नाम का हक त्याग का पंजीयन कार्यालय में दिनांक 25.03.2022 को पंजीकृत कराया गया है। पंजीकृत हक त्याग के आधार पर श्रीमती राजश्री राठौर पत्नी श्री अहिवरन सिंह द्वारा दुकान अपने एकल नाम पर किये जाने हेतु आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त संपत्ति से श्रीमती अनीता राठौर पत्नी श्री मेहताब सिंह राठौर का नाम विलोपित करते हुए दुकान श्रीमती राजश्री राठौर पत्नी श्री अहिवरन सिंह के एकल नाम पर किये जाने की कार्यवाही हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रुप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**


# पुरातत्व संरक्षण में रोजगार की अपार संभावनाएं : गुप्ता



**भोपाल, देशबन्धु।** पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, मध्य प्रदेश द्वारा विश्व विरासत सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुरातत्व रोजगार अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आयुक्त संचालनालय श्रीमती उर्मिला शुक्ला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला में इतिहास पृष्ठभूमि के 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यशाला में छात्रों को पुरातत्व के क्षेत्र में विरासत संरक्षण और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। श्रीमती शुक्ला ने छात्रों को मध्य प्रदेश के पुरातात्विक रूप से समृद्ध इतिहास के बारे में बताया और छात्रों को पुरातत्व के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के सेवानिवृत्त अधीक्षक पुराविद डॉ. एसएस गुप्ता ने छात्रों को राज्य के विरासत मूल्य के बारे में बताया। उन्होंने एक पेशे के रूप में पुरातत्व की जटिलताओं पर भी चर्चा की और युवाओं को पुरातत्व उद्योग में रोजगार के अवसर तलाशने के लिए प्रेरित किया। डॉ रमेश यादव, अधिकारी पुरातत्व पुरालेख एवं संग्रहालय, मप्र ने बताया कि विश्व धरोहर सप्ताह के दौरान, पुरातत्व संचालनालय ने मोती महल ग्वालियर, दुबेला संग्रहालय छतरपुर, रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, धार किला, लालबाग पैलेस इंदौर और राजबाड़ा, इंदौर में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए।

# शिकायत निवारण प्रणालियों को सक्रिय और सशक्त बनाने की दिशा में काम करेगा मंत्रालय संघ

**भोपाल, देशबन्धु।** नवगठित मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ परामर्शदात्री समितियों और आंतरिक परिवाद समितियों को सक्रिय और सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाएगा। इसमें अन्य कर्मचारी संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। जरूरत पड़ने पर इन समितियों को सक्रिय और सशक्त बनाने के निर्देश देने के लिए उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की जाएगी।

संघ के संरक्षक सुधीर नायक ने बताया कि मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ इसके लिए भी प्रयास करेगा कि महिला आयोग, पिछड़ा वर्ग आयोग आदि की भांति एक स्थायी कर्मचारी आयोग का गठन हो, जिसके समक्ष कर्मचारियों-अधिकारियों की समस्याएं नियमित रूप से रखी जाती रहें। बता दें कि अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच उत्पन्न होने वाली समस्याओं, मांगों, विसंगतियों के सतत निराकरण के लिए प्रशासन तंत्र में शिकायत निवारण प्रणालियों की संरचना की जाती है। मप्र शासन में ऐसी शिकायत निवारण प्रणालियां पहले से हैं। जिला, विभागाध्यक्ष, सचिव और राज्य स्तरीय परामर्शदात्री समितियां गठित हैं और उनकी प्रत्येक तीन माह में बैठक आहूत किया जाना आवश्यक है। राज्य की मुकदमा नीति के तहत प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक परिवाद समितियां गठित करना जरूरी है। वर्तमान में स्थिति यह है कि या तो ये समितियां गठित नहीं की गई हैं। गठित करने की औपचारिकता पूरी कर ली गई है तो फिर इनकी बैठकें नहीं होतीं। इन समितियों का प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ है। ज्यादातर कर्मचारियों को इनके बारे में जानकारी भी नहीं है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर**

क्र./नामा. शा./न.नि./2023/353 सागर दिनांक 21/11/2023

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिये गये भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अंदर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयतनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1021/23-24 | तिली | रजि., खसरा, आधार, श.प. टै.र. | शितिन, अमान एवं अयान वल्द ताहिर अली | राजीव पिता प्रेमचन्द केशरवानी |
| 2. | 1022/23-24 | शिवाजी | ख., बै., शपथ पत्र | तेजाबाई पति रामप्रसाद पटैल | हरीराम पिता द्वारका प्रसाद पाण्डे |
| 3. | 1023/23-24 | शिवाजी | ख., करनिर्धा., टै.र. | उदय पिता यादवराव खेर | अदिति पति उदय खेर |
| 4. | 1024/23-24 | जवाहरगंज | मृ. प्र. प., टै. र., शपथ पत्र | स्व. गिरधारी पिता स्व. कुन्दनलाल जैन | संजय कुमार पिता स्व. गिरधारीलाल, पत्नि-पुष्पाबाई जैन, पुत्रीयॉ 1. श्रीमति अनीता पति धर्मेन्द्र, 2. श्रीमति सुनीता पति राजेश एवं 3. अमीना पति वीरेन्द्र जैन |
| 5. | 1025/23-24 | बाघराज | ख. करनिर्धा., टै. र., रजि. | नन्दलाल जोहरी, सिंह इन्फ्रा., प्राई., लिमिटेड | बब्लू पिता बालकिशन पटैल |
| 6. | 1026/23-24 | शिवाजी | शपथ पत्र, रजि. | भानु पति अनिल यादव | रामवती पति जगदीश पटैल |
| 7. | 1027/23-24 | तुलसीनगर | बै., श. प., टै. र., मृ. प्र. प. भ. अनु. | स्व. फैज मुहम्मद | जमील वल्द स्व. फैज मुहम्मद, हज्जो पति स्व. फैज मुहम्मद एवं नफीसा पुत्री स्व. फैज मुहम्मद |
| 8. | 1028/23-24 | अम्बेडकर | खसरा, आधार, शपथ पत्र, रजि. | 1- प्रदीप कुमार जैन, 2- दीपक कुमार जैन मे. चौधरी बिल्ड, एण्ड डेब्ल. | हीरामणि पति स्व. पुरूषोत्तम एवं अपर्णा पुत्री स्व. पुरूषोत्तम विश्वकर्मा |
| 9. | 1029/23-24 | अम्बेडकर | खसरा, आधार, शपथ पत्र, रजि. | रोशन पिता अशोक साहू | सुलभ/ सुनीत कुमार कण्डया |
| 10. | 1030/23-24 | लाजपतपुरा | मृत्यु प्रमाण- पत्र, शपथ पत्र, आधार | स्व. मो. अकबर अली | आफताब अकबर वल्द स्व. मो. अकबर कुरैशी, शादाब अकबर पुत्र फरूल, नाज कुरैशी (पुत्री) रूबा, नाज कुरैशी पिता स्व. मो. अकबर कुरैशी |

**कृते-आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**


# निजी कंपनी के कर्मचारी ने फांसी लगाई

**भोपाल, देशबन्धु।** स्टेशन बजरिया क्षेत्र में रहने वाले एक निजी कंपनी के कर्मचारी ने फांसी लगाकर जान दे दी। बजरिया थाना पुलिस के मुताबिक नंदू पटेल की चाल चांदबड़ निवासी 35 वर्षीय श्याम पुत्र सुरेश कुमार बरईया एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। गुरुवार रात उसने अपने घर में पंखे से दुपट्टे का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। घटना का पता चलने पर परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल ले गए थे। वहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से कोई पत्र नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।


**No. 3**
**FAMILY COURT, NAGPUR**
**IN THE COURT OF Shri. Mohammad A.Y.H. JUDGE, FAMILY COURT NO. 3, NAGPUR., Nagpur (Urban), Nagpur.**
**SUMMONS TO APPEAR IN PERSON**
(0. 5, R. 3.)
Pro. No. 3525/23 PETITION CIVIL M.A./22/2023
**Swati W/o Anurag Kurve Vs Anurag S/o Wamanrao Kurve**
**NEXT DATE : 19-12-2023**
**To,**
**Anurag S/o Wamanrao Kurve, R/o 547, 9B, Saket Nagar, Bhopal (M.P.).**
Whereas **Swati W/o Anurag Kurve** has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this Court in person on the **19-12-2023 at 11:00 o'clock in the forenoon,** to answer the claim; and you are directed to produce on that day all the documents upon which you intend to rely in support of your defence. Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be, heard and determined in your absence.
Given under my hand and the seal of the court, this 17-10-2023.
Seal **JUDGE FAMILY COURT NO. 3 NAGPUR.**



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल में स्थित भवन क्रं. एच.आई.जी.-200 मंडल द्वारा श्रीमती वंदना ठाकुर पति श्री सुधीर सिंह ठाकुर के नाम आवंटन आदेश क्रं. 752 दिनांक 22.01.2000 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 26.06.2001 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्रीमती मनीषा तैलंग पति श्री राजीव तैलंग के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 08.11.2003 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमती वंदना ठाकुर पति श्री सुधीर सिंह ठाकुर एवं श्रीमती मनीषा तैलंग पति श्री राजीव तैलंग द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन श्रीमती मनीषा तैलंग पति श्री राजीव तैलंग के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**



**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एच-3/72 मंडल द्वारा श्री सुभाष चंद्र अवस्थी आत्मज स्व. श्री सी.एम. अवस्थी एवं सुश्री रिया अवस्थी आत्मज श्री सुभाष चंद्र अवस्थी के नाम संयुक्त हस्तांतरण आदेश क्रं. 6796 दिनांक 06.11.2023 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 11.02.2022 पंजीकृत है। श्री सुभाष चंद्र अवस्थी आत्मज स्व.श्री सी.एम. अवस्थी एवं सुश्री रिया अवस्थी पुत्री श्री सुभाष चंद्र अवस्थी के द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्रीमती अल्पना अवस्थी पत्नी श्री सुभाष चंद्र अवस्थी द्वारा विक्रय विलेख श्रीमती राज चौकसे पत्नी उमेश चौकसे, श्रीमती बबिता तिलकवार पत्नी श्री विनोद तिलकवार के नाम दिनांक 16.11.2023 को पंजीकृत किया गया है। श्री सुभाषचंद्र अवस्थी आत्मज स्व.श्री सी.एम. अवस्थी, सुश्री रिया अवस्थी पुत्री श्री सुभाष चंद्र अवस्थी के द्वारा नियुक्त मुख्तारआम श्रीमती अल्पना अवस्थी पत्नी श्री सुभाषचंद्र अवस्थी एवं श्रीमती राज चौकसे पत्नी श्री उमेश चौकसे, श्रीमती बबिता तिलकवार पत्नी श्री विनोद तिलकवार द्वारा विक्रय पत्र की छायाप्रति, आवेदन-पत्र, शपथ पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र एवं परिचय-पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखण्ड श्रीमती राज चौकसे पत्नी श्री उमेश चौकसे एवं श्रीमती बबिता तिलकवार पत्नी श्री विनोद तिलकवार के संयुक्त नाम से हस्तांरण करने हेतु निवेदन किया गया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**



**कार्यालय नगरपालिका परिषद मुलताई जिला बैतूल ( म.प्र.)**

Office Of The Municipal Council Multai Dist. Betul (M.P.)
**Phone No.** 07147-220262, **Email ID - cmomultai@mpurban.gov.in**
क्रं./न.पा./रा. शा. / 2023 / 1528 मुलताई, दिनांक 24.11.2023

**अल्पकालीन द्वितीय नीलामी सूचना**

विद्युत विभाग से संबंधित कार्य हेतु सक्षम पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र मुलताई में नगर पालिका परिषद् मुलताई द्वारा वर्ष 2023-24 हेतु **मां ताप्ती मेले का आयोजन दिनांक 27.11.2023 से 26.12.2023 तक श्रीराम ट्रस्ट भूमि ( मेला ग्राउण्ड )** पर किया जाना है। मेले में दुकानदारों को विद्युत व्यवस्था देने के लिए विद्युत ठेके की नीलामी नगरपालिका सभाकक्ष में दिनांक 28.11.2023 को समय 2.00 बजे दिन में की जावेगी । इच्छुक ठेकेदार दिनांक 28.11.2023 को समय 1.00 बजे धरोहर राशि रू. 20,000/- जमा कर नीलामी बोली में भाग ले सकते है। निर्धारित समयावधि में धरोहर राशि जमा नहीं होने एवं बोली प्रारंभ होने के बाद नीलामी में भाग लेने का अधिकार नहीं होगा।

नोटः- अधिकतम जानकारी एवं नियम व शर्ते नीलामी के पूर्व कार्यालयीन समय में राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

**श्रीमति नीतू प्रहलादसिंह परमार**
**अध्यक्ष**
**नगरपालिका परिषद् मुलताई**

**राजकुमार ईवनाती**
**नगरपालिका परिषद्**
**मुलताई**

# अभिमत

*भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे।*

## इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश



लेखा रत्तनानी

नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था।

पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के बाक निन्ह प्रांत में अंतरराष्ट्रीय मैत्री पार्क में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वियतनाम ने टैगोर के साथ अपने संबंधों को संजोया है और 1929 में हो ची मिन्ह शहर की उनकी तीन दिवसीय यात्रा को कई मायनों में पुनर्जीवित किया है जिसमें उनकी 'गीतांजलि' का अनुवाद शामिल है जिसे वियतनामी में 'लोई डांग' कहा जाता है। वियतनामी सरकार ने टैगोर के सम्मान में 80 के दशक में एक स्मारक डाक टिकट भी निकाला है। यूनेस्को ने सितंबर में शांति निकेतन में टैगोर द्वारा स्थापित आध्यात्मिक केंद्र और इसके भीतर विश्व भारती विश्वविद्यालय को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में विश्व भारती विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिकाओं पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है लेकिन संस्थापक और पहले एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का कोई उल्लेख नहीं है।

जब सवाल उठे तो विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पट्टिकाएं अस्थायी हैं जिन्हें बदल दिया जाएगा। यह ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब विश्व भारती एक और विवाद में फंसा है क्योंकि यह शांति निकेतन से नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि अमर्त्य सेन का घर विश्वविद्यालय से संबंधित भूमि पर बनाया गया है। पीठ ने कहा, 'रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण/सीमांकन से यह पाया गया है कि आपने विश्व भारती की 13 डिसमिल जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है।' एक डिसमिल मतलब 435.6 वर्ग फुट। नोटिस मिलने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने स्पष्ट किया कि उनके पिता आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वविद्यालय से 125 डिसमिल जमीन लीज़ पर ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमर्त्य सेन को भाजपा की नीतियों की आलोचना करने की वजह से परेशान किया जा रहा है। ऐसा हो या न हो, लेकिन इस विवाद ने मई में टैगोर की 162वीं जयंती के समारोह और शांति निकेतन के उत्सव, इसकी ऐतिहासिक इमारतों, परिदृश्यों, उद्यानों, मंडपों, शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने की गरिमा को कम कर दिया है। कच्छ के हड़प्पाकालीन शहर धोलावीरा के बाद यह 41वां भारतीय स्थल है जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की चूक को आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह विवाद अपने आप में लोगों, आवाजों, विचारों, विचारधाराओं और दृष्टिकोणों की आलोचना करने, अवहेलना करने या अनदेखा करने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जो 'उनके सांचे' में फिट नहीं होते हैं। थोड़ा इतिहास गायब है, एक संस्थापक का नाम एक स्मारक स्तंभ या पट्टिका पर छोड़ दिया गया है, पाठ्य पुस्तकों से नाम और युग छूट गए हैं। इस साल की शुरुआत में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा-12 के इतिहास के पाठ्यक्रम से मुगल काल से संबंधित कुछ हिस्सों को हटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। इस कदम की काफी आलोचना हुई थी और जवाब में एनसीईआरटी ने कहा था कि 'पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने' के लिए ऐसा किया तथा 'अतिव्यापी' और 'अप्रासंगिक' हिस्सों को हटा दिया गया।

हालांकि इनमें से कुछ उदाहरणों को जल्दबाजी या निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है उनमें से ज्यादातर 'जान-बूझकर' चयनात्मक भूलने की बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। खास तौर पर जब लोगों, विचारों और तर्कों की बात आती है जो वर्तमान सोच और मानसिकता के साथ फिट नहीं होते हैं। यह विशेष रूप से गुरुदेव टैगोर और महात्मा गांधी के साथ लगता है जिनके विचार और जीवन जीने का तरीका आज की धारणाओं के विपरीत है। विश्व भारती टैगोर की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व भारती की स्थापना दिसंबर 1921 में की गई थी और 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और संस्थान घोषित किया गया। यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र है जो उस समय प्रचलित ब्रिटिश औपनिवेशिक शैक्षिक प्रणाली से अलग और उससे असहमत था। इसके बजाय विश्व भारती पूरे क्षेत्र के प्राचीन, मध्ययुगीन और लोक परंपराओं को चित्रित करते हुए एक एशियाई आधुनिकता को अधिक स्पष्ट देखता था।

भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर बाद में साहित्य सृजन करने के लिए यहां बस गए।

आज टैगोर और गांधी की दृष्टि तथा जीवन शैली एवं वर्तमान दृष्टिकोण के बीच की दूरी बढ़ रही है। हालांकि उनके नाम पर उत्साह के साथ किए गए प्रयास और कार्य जारी हैं लेकिन उस ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा भारत के बाहर है। उदाहरण के लिए, 1920 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद द्वारा पेश किए गए 'गांधीवादी अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम: सिद्धांत और अनुप्रयोग' पढ़ाने वाले प्रोफेसरों ने पाया है कि पाठ्यक्रम ने यूरोप, उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और एशिया के देशों के छात्रों को आकर्षित किया है। इसी तरह ब्रुकिंग्स, एस डकोटा स्थित सत्याग्रह संस्थान द्वारा मेक्सिको और नाइजीरिया, घाना, गाम्बिया, सेनेगल जैसे अफ्रीकी देशों में आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या उल्लेखनीय है। कई प्रतिभागी ऐसे थे जिनके देशों में आन्तरिक संघर्ष और गृह युद्ध जैसे हालात हैं और वे अपने स्वयं के समाजों में बढ़ती हिंसा के बारे में एक आम चिंता साझा करते थे और महसूस करते थे कि इस समस्या को सुलझाना उनका कर्तव्य है। इनमें से अधिकांश लोग पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण से गहराई से प्रभावित हुए और अधिकतर लोग अब गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं या अपने स्वयं के संगठन स्थापित कर चुके हैं। वे गांधीवादी परंपरा के अनुरूप रचनात्मक कार्य, अन्याय का प्रतिरोध और सभी प्रकार की हिंसा के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

यहां भारत के नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था। उत्साह और जोश से भरी भीड़, जिनमें ज्यादातर प्रवासी थे, वैदिक मंत्र, टैगोर की संगीत रचनाओं का पाठ कर रहे थे। ये लोग उम्मीद जगाते हैं कि टैगोर की स्मृति और वे जिस चीज के लिए खड़े थे, वह ऐसे समय में जीवित रहेगी जब सीमाओं को मजबूत किया जा रहा है और बड़े संघर्ष चल रहे हैं। टैगोर और गांधी को पट्टिकाओं पर वापस लाने और इन दोनों को हमारे जीवन में वापस लाने का यह एक अच्छा समय हो सकता है।

*( लेखिका दी बिलियन प्रेस की मैनेजिंग एडिटर हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )*

## बीता सप्ताह

**18 नवंबर**

- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया गया।
- जम्मू-कश्मीर कुलगाम में आतंकी और सेना के बीच हुए मुठभेड़ में 9 आतंकी मारे गए।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान मिधिली को लेकर बंगाल ओडिशा सहित आठ राज्यों को अलर्ट जारी किया गया।
- केरल के एर्नाकुलम में ईसाई प्रार्थना सभा में हुए ब्लास्ट में मृतकों की संख्या छः हो गई।

**19 नवंबर**

- लोकसभा में बहस के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक।
- मोहम्मद मुइडजू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- फिलीपींस ने रूसी सीमा पर 4 क्रासिंग प्वाइंट बंद किए।
- डीफेक मामले में प्रधानमंत्री की चिंता के बाद सरकार ने सोशल मीडिया को चेताया।

**20 नवंबर**

- गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना।
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुए।
- पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई में पश्चिमी कबायली जिले में 4 आतंकी मारे गए।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप का दूसरा परीक्षण विफल हो गया।

**21 नवंबर**

- एक याचिका की सुनावई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंग ठीक नहीं।
- चुनाव आयोग ने चुनाव वाले राज्यों में 1760 करोड़ की शराब व नकदी जब्त की गई।
- गोवा में देश का 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया।

**22 नवंबर**

- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त की।
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है इसके साथ मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।

**23 नवंबर**

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीशचंद्र मुर्मू का वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालकू में 6.6 तीव्रता का भूकम्प आया।
- इजरायल ने चार दिवसीय युद्ध विराम पर सहमति दी।
- टीडीपी की पूर्व नेता एवं अभिनेत्री दिव्यवांगी कांग्रेस में शामिल हुईं।

**24 नवंबर**

- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीबी का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री पर एक विवादित बयान के मामले में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस दिया।
- जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना और आतंकी के बीच हुए मुठभेड़ में पांच सैनिक शहीद हुए एवं दो आतंकी मारे गए।
- रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रही अभिनेत्री पोलिना मेक्सिख की यूक्रेन हमले में मौत हो गई।

## म्यांमार सैन्य शासकों के खिलाफ लड़ाई तेज होने से चीन और भारत पर असर

■ गिरीश लिंगन्ना

जब शनिवार को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़भाड़ वाले संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थलों पर इजरायली हवाई हमले में 80 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, तो दुनिया असमंजस में दिख रही थी, क्योंकि वह अपने दक्षिण आक्रामक विस्तार की तैयारी कर रहा था, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों हजारों नागरिक शरणार्थियों के लिए भय पैदा हो गया।

हालांकि, यह दुनिया के ध्यान से बच गया, जब पिछले सप्ताह पड़ोसी म्यांमार के चीन राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गांव वुइलू में एक सैन्य जेट द्वारा एक स्कूल के बहुत करीब बमबारी में 11 लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से आठ बच्चे थे- सभी की उम्र सात से 11 साल के बीच थी। इसी तरह दुनिया का ध्यान इस साल अक्टूबर की शुरुआत में चीनी सीमा के पास उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य में लाईज़ा शहर के पास आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बच्चों सहित कम से कम 29 नागरिक एक सैन्य हमले में मारे गए थे, तब भी नहीं गया था।

म्यांमार, 540 लाख लोगों का एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो वर्तमान में कई सशस्त्र जातीय और लोकतंत्र समर्थक गुटों के साथ एक गृह युद्ध में उलझा हुआ है, जो सैन्य शासन से लड़ रहा है, और जिसने 2021 में अचानक तख्तापलट में एक निर्वाचित सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। मिजोरम में ज़ोखथार के सामने भारत की सीमा के करीब, सैन्य शासकों के खिलाफ लगातार प्रतिरोध हो रहा है, जिसे पिछले तीन हफ्तों में देश भर में विपक्षी ताकतों के हमलों में कई झटके लगे हैं। जवाबी कार्रवाई के लिए वह इस पर बहुत अधिक भरोसा वायु शक्ति पर कर रहा है, जबकि जातीय चीन राज्य के विद्रोहियों ने हाल ही में सीमावर्ती शहर रिखावदार पर कब्जा कर लिया है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना।

शान राज्य में तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन की जबरदस्त सफलता ने म्यांमार के आसपास अन्य विपक्षी ताकतों को प्रोत्साहित किया है। म्यांमार के सैन्य शासन ने तख्तापलट विरोधी ताकतों द्वारा 'भारी हमलों' का सामना करने की बात स्वीकार की है, जिन्होंने पिछले महीने के अंत में एक समन्वित आक्रमण शुरू किया था, जिसमें कई सीमावर्ती कस्बों और दर्जनों सेना चौकियों पर नियंत्रण करने का दावा किया गया था। सेना ने देश की अधिकांश भारतीय सीमा पर भी नियंत्रण खो दिया है।

सरकार ने स्वीकार किया है कि उसके सैनिकों को पूर्व में काया राज्य, पश्चिम में राखीन राज्य और विशेष रूप से उत्तर में शान राज्य में सशस्त्र विद्रोही बलों से भारी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों ने गिराने के लिए 'सैकड़ों ड्रोन' तैनात किये हैं और सैन्य चौकियों पर बम मार रहे हैं। म्यांमार के सैन्य समर्थित राष्ट्रपति विनम्यिंट ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार शान राज्य में संघर्ष पर लगाम नहीं कस सकती तो देश को टूटने का वास्तविक और प्रबल खतरा है।

फिर से, इजराइल-हमास संघर्ष के समान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जहां हाल की लड़ाई से करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और कम से कम 75 नागरिक मारे गये हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। गुटेरस ने सभी पक्षों से गैर-लड़ाकों और नागरिकों की रक्षा करने और मानवीय सहायता को प्रवेश की अनुमति देने की अपील की है।

म्यांमार तब से अराजकता और हिंसा में डूब गया है, जब सेना, जिसे तातमाडॉ के नाम से जाना जाता है, ने 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट किया और नागरिक नेता आंग सान सूकी और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली।

तख्तापलट ने सेना और नागरिक सरकार के बीच एक दशक से चले आ रहे सत्ता संघर्ष के चरमोत्कर्ष को चिह्नित किया, जो 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गये संविधान के तहत सत्ता साझा कर रही थी। इस संविधान ने सेना को एक चौथाई संसदीय सीटें, तथा प्रमुख मंत्रालयों पर नियंत्रण प्रदान किया है। संवैधानिक संशोधनों पर सेना ने वीटो लगा दिया और सू की को उनके विदेशी पारिवारिक संबंधों के कारण राष्ट्रपति बनने से रोक दिया।

सैन्य जुंटा ने तख्तापलट को सही ठहराने के लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके दावों का खंडन किया, जिन्होंने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तख्तापलट की निंदा की, सेना पर प्रतिबंध लगाये और चीन और रूस जैसे प्रमुख सहयोगियों से संकट को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

तख्तापलट के जवाब में, म्यांमार के लोगों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह की और मांग की उनकी चुनी हुई सरकार की वापसी और उनके मानवाधिकारों का सम्मान किया जाये। जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं और सिविल सेवकों सहित समाज के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और शांतिपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया। हालांकि, सेना ने क्रूर बल के साथ जवाब दिया, अशांति को तीव्र कुचला और मानवाधिकारों का उल्लंघन किया।

सैन्य जुंटा ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए घातक और गैर-घातक बल का इस्तेमाल किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गई। बच्चों, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों और राजनेताओं सहित हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। सेना ने जातीय सशस्त्र संगठनों को भी निशाना बनाया, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया। क्रूरता के बावजूद, प्रतिरोध आंदोलन जारी है। अपदस्थ सांसदों और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) नामक एक समानांतर सरकार बनाई है। जुंटा को उखाड़ फेंकने और संघीय लोकतंत्र स्थापित करने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं, और उन्होंने सेना के दमन का मुकाबला करने के लिए एक गुरिल्ला सेना, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना की है। एनयूजीम्यांमार के लोगों की सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहता है।

जहां एक ओर म्यांमार उथल-पुथल का अनुभव कर रहा है, रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक, मुख्य रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। मुख्य रूप से राखीन राज्य में रहने वाले रोहिंग्याओं को भेदभाव, नागरिकता से इनकार और उनके बुनियादी अधिकारों पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है। हिंसा और सैन्य कार्रवाई ने कई रोहिंग्याओं को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर किया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या बांग्लादेश और भारत में सुरक्षा की तलाश में है – मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल में।

चीन म्यांमार के मुख्य सहयोगियों में से एक है। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि चीन की मंशा म्यांमार में उसके आर्थिक और रणनीतिक हितों में निहित है, जिसमें संसाधनों तक पहुंच, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और प्रमुख व्यापार मार्गों पर नियंत्रण शामिल है। तख्तापलट के लिए चीन के समर्थन ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जो उसके रुख को सेना के दमन को सक्षम करने वाला मानते हैं।

पिछले सप्ताह भारत को म्यांमार की सेना की अप्रत्याशित सहायता मिली जब उसने अपने 46 सैनिकों को मिजोरम में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। सैनिक चीन राज्य में लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों से बचने की कोशिश कर रहे थे जिन्होंने मिजोरम सीमा से परे उनके शिविरों पर कब्ज़ा कर लिया था। यह, शायद, पहली बार था कि भारत ने अपनी धरती पर लड़ाई से भाग रहे किसी अन्य देश की सेना के सैनिकों को बचाया है, जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में सैन्य शासन के साथ सहयोग करने की नई दिल्ली की बढ़ती इच्छा को दर्शाता है।

म्यांमार के पड़ोसी के रूप में, भारत ने संकट और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। भारत के पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में शरणार्थियों की आमद ने स्थानीय संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डाला है, जिससे मानवीय सहायता की आवश्यकता हुई है। म्यांमार तख्तापलट का कड़वा प्रभाव भारत में महसूस किया गया है क्योंकि फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 40,000 से अधिक चीन राज्य के शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना और उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुरक्षित करना है। इन मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करके ही, म्यांमार और क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण और स्थिर भविष्य की आशा की जा सकती है।

## पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य

■ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं? इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?

जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में ख़ुद शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था ? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो 'उनकी' खुशी और 'हमारी' खुशी में अंतर करते हैं। 'उनका' त्यौहार हम क्यों मनाएं और 'हमारे' त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।

यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीज़ें हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।

यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें – त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।

मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।

ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।

इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हर्ज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।

इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?

इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है। हम अपने धर्म, अपनी परम्पराओं को छोड़कर दूसरों के धर्म, उनकी परम्पराओं पर प्रतिकूल, बल्कि कटु टिप्पणियां करने में खुशी का अनुभव करने लगे हैं। 'वे' ऐसा क्यों करते हैं? आप अपनी बात नहीं करेंगे, नहीं करने देंगे, लेकिन दूसरों की बात बहुत बढ़-चढ़कर करेंगे। यह प्रवृति निंदनीय और घातक है। इससे बचा जाना चाहिए।

*( वरिष्ठ लेखक और स्तंभकार हैं। )*

# खेल जगत

## जोकोविच का शानदार खेल, सर्बिया अंतिम चार में



**मलागा** 24 नवंबर (एजेंसियां) दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की बदौलत सर्बिया ने गुरुवार को डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-4,6-4 से हराया। सर्बिया ने पिछले तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफानइल में सर्बिया का मुकाबला सोमवार को इटली से होगा। जोकोविच की यह डेविस कप में रिकॉर्ड 44वीं जीत थी। उधर, इटली ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे सत्र में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने कहा, देश के लिए खेलना हमेशा सबसे अधिक दबाव और प्रेरणा भरा होता है। लंबे सत्र के बाद हम पैरों में थकान महसूस कर सकते हैं। अब हमें इटली ने खेलना है। वे काफी मजबूत टीम हैं। हम कड़ी टक्कर देंगे।

# मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था : सूर्यकुमार

- जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं
- हमारे गेंदबाजों ने आखिर में हमारी मैच में वापसी कराई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य कुमार ने विस्फोटक 80 रन की तूफानी खेल कर बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में फिनिशर रिंकू सिंह के मिलकर दो विकेट से जीत दिला बीते रविवार को सम्पन्न आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के औसत से भी कम प्रदर्शन की निराशा को भुला दिया। भारत के कप्तान सूर्य कुमार ने कप्तानी के बोझ की बाबत कहा, % मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था। मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं चाहे मैं 10 गेंदें खेलूं या 40 गेंदे। शुरू के दस ओवर में हमारे लिए स्थिति एक दम बढिया़ थी हमें अंतिम 60 गेंदों में जीत के लिए मात्र 103 बनाने थे। इस तरह की स्थिति आईपीएल में हर दूसरे मैच में आती है। मेरा मानना था जब हम बाद में बल्लेबाजी करने जाएंगे तो ओस पड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं जानता था कि विशाखापट्टनम का मैदान छोटा है और पिच बाद में बल्लेबाजी के लिए बेहतर होती जाएगी। जिस तरह हमारे लड़कों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखाई उससे बहुत खुश हूं। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने हम पर दबाव बनाया लेकिन जिस तरह हमारी टीम में हर किसी ने मैच में वापसी की वह शानदार थी, जहां तक कप्तानी का की बात तो मेरे लिए भारत को जिताना गौरव का क्षण था। जब भी आप क्रिकेट खेलते हैं तो भारत के लिए खेलने की बाबत सोचते है। हमने एक समय सोचा था कि हमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करना होगा लेकिन आखिर में हमारे गेंदबाजों ने हमारी मैच में वापसी कराई। हम मैच में सकारात्मक रहना चाहते थे। रही बात बल्लेबाजी की तो हम खुलकर कर खेल इसका पूरा लुत्फ उठाना चाहते थे। मैंने इशान किशन से बस यही कहा कि बस अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे, लक्ष्य की बाबत न सोचे। शुरू के दस ओवरों के बाद हालात एकदम हमारे माफिक थे। हम जानते थे कि बाद में क्या हो सकता है। जिस तरह लड़कों ने संयम दिखाया वह शानदार था। रिंकू के लिए यह स्थिति उनके मनमाफिक थी। उनके धैर्य ने मुझे एकदम सहज कर दिया। रही बात मुकेश कुमार के पारी के आखिरी ओवर की तो 16 वें ओवर के बाद हमारे तीनों गेंदबाज ने जिस तरह हमारी वापसी कराई वह शानदार थी।'

ऑस्ट्रेलिया के लिए तूफानी शतक जडने् वाले जोश इंग्लिश ने मैच के बाद सूर्य कुमार यादव की पारी की तारीफ करते हुए कहा, %सूर्य ने वही किया जैसा वह अमूमन करते हैं।

सच तो यह है कि भारत की बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पर पहले टी-20 मैच की जीत ने मेजबान टीम के क्रिकेट प्रेमियों को ऑस्ट्रेलिया के हाथों बीते रविवार को वन डे विश्व कप में फाइनल की इकलौती हार के साथ खिताब चूकने का दर्द जरूर कुछ कम दिया। सूर्य ने वन डे विश्व कप में फाइनल सहित कुल सात मैच खेले और इनमें वह इंग्लैंड को छोड़ कर बाकी छह में 25 रन के पार नहीं पहुंच पाए। >

जोश इंग्लिश (110) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (52) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 130 रन की भागीदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 208 रन बनाए। बृहस्पतिवार को जब सूर्य बल्लेबाजी के लिए उतरे तब भारत ने शुरू के पांच ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (0) और यशस्वी जायसवाल (21 रन) के रूप में दो विकेट 22 रन पर खो दिए थे। सूर्य (80 रन, 42 गेंद, 4 छक्के, 9 चौके) पहले इशान किशन (58 रन, 39 गेंद, पांच छक्के , दो चौके)के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 और फिर पांचवें विकेट के लिए फिनिशिर रिंकू सिंह( अविजित 22 रन, 14 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी करने के बाद जब पारी के 18 वें ओवर में जेसन बेहरनडर्फ की गेंद को उड़ाने के फेर में हार्दी को कैच थमा पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौट तो तब भारत का स्कोर पांच विकेट पर 194 था। भारत ने अंतिम के मैच और स्यां एबट के अंतिम ओवर में उनकी तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल(0) का , चौथी गेंद पर रवि बिश्नोई (0) और पांचवीं पर अर्शदीप के रूप में तीन गेंद पर तीन विकेट खोए अगली गेंद पर हालांकि रिंकू सिंह ने छक्का जड़ा, लेकिन इसे छक्का नहीं माना गया क्योंकि यह नो बॉल थी और भारत ने एक गेंद के बाकी आठ विकेट पर 209 रन बना मैच जीत लिया।

# कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन



एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके : आर अश्विन

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूट गया है और इसके लिये भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को जिम्मेदार मानते हैं। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो 'विश्व कप 2023: ए रिफ्लेक्शन' में अश्विन ने फाइनल मुकाबले में पैट कमिंस की प्रतिभा का विश्लेषण किया और उनके जादू को 'गेम-ब्रेकिंग' घटना के रूप में संदर्भित किया। टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कमिंस ने अपने कोटे के पूरे 10 ओवर फेंके और सिर्फ 34 रन दिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर (4) और इन-फॉर्म विराट कोहली (54) के दो बड़े विकेट भी लिए।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने 10 ओवर पूरे करने वाले सभी गेंदबाजों में कमिंस ने 3.40 के स्ट्राइक रेट पर सबसे किफायती स्पैल फेंका जिसके बाद एडम ज़म्पा (4.40), मिशेल स्टार्क (5.50) और जोश हेज़लवुड (6.00) थे। अश्विन ने कमिंस के मास्टरमाइंड की गहराई से पड़ताल की और बताया कि क्यों भारतीय बल्लेबाजों को उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण लगता था। अश्विन ने कहा, एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके।

अश्विन ने जोर देकर कहा, ' कमिंस ने पूरे 10 ओवर के स्पैल में स्टंप लाइन की ओर छह मीटर के दायरे में केवल तीन गेंदें फेंकी । उनकी स्टंप लाइन पर पांच क्षेत्ररक्षक स्क्वायर लेग, मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, मिड-ऑन और लॉन्ग लेग पर थे। गौरतलब है कि भारत को 240 रन पर आउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के प्लेयर ऑफ द मैच 137 रन और मार्नस लाबुशेन के नाबाद 58 रन की बदौलत 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# चाइना मास्टर्स में चिराग-सात्विक की जोड़ी सेमीफाइनल में




- इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया
- सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना सेमीफाइलन में चीनी जोड़ी से होगा
- क्वाटर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को हराया था

**शेनझेन (चीन),** 24 नवंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डैनियल मार्थिन पर शुक्रवार को सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 13 इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 के स्कोर के साथ हराया। सात्विक और चिराग का सामना अब दो चीनी जोड़ियों - हे जी टिंग और रेन जियांग यू और आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओउ जुआन यी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले टूर्नामेंट में यह जोड़ी जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को 21-15, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

पूर्व विश्व नंबर 1 भारतीय संयोजन ने नियमित रूप से स्थान बदलकर और अपने तीखे हमले के साथ उत्कृष्ट समन्वय प्रदर्शित किया, जिससे इंडोनेशिया के उनके प्रतिद्वंद्वियों के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जो दबाव में कमजोर हो गए थे।

दोनों साझेदारों ने मैच को बराबरी की शुरुआत दिलाने के लिए जी जान से संघर्ष किया। हालाँकि, आक्रामक शॉट्स की बौछार के साथ खेल पर तुरंत नियंत्रण हासिल करने के बाद भारतीय संयोजन से 14-14 से बराबरी कर ली।

चिराग के कुछ समझदारी भरे फैसलों की बदौलत वे जल्द ही 19-16 से आगे हो गए और मुंबईकर ने फिर तेजी से वापसी के साथ मैच को समाप्त करने की सेवा के बाद फ्रंट कोर्ट में आकर एक बार फिर अपना आक्रामक इरादा दिखाया। आधे समय में, भारतीयों ने जोरदार प्रहारों की बदौलत 11-6 की बढ़त बना ली।

भारतीय शुरू से ही अडिग थे और इंडोनेशियाई उनके आक्रमण का मुकाबला करने में असमर्थ थे। दोनों तेजी से 17-10 तक आगे बढ़े। इसके बाद, मार्थिन ने एक पिनपॉइंट स्मैश बनाया और मैच की सबसे लंबी रैली - 48 शॉट - शुरू की।

भारतीयों ने भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत तीन अंकों की बढ़त ले ली और मार्थिन ने नेट पर जाकर उन्हें सात मैच प्वाइंट हासिल करने में मदद की। एक को बर्बाद करने के बाद, सात्विक और चिराग ने एक वीडियो रेफरल जीता और अपना अंतिम चार में स्थान सुरक्षित कर लिया।

# विश्वकप के दौरान किया गया अभ्यास टी20 मुकाबले में काम आया : इशान

**विशाखापत्तनम,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ शतकीय साझीदारी निभाने वाले इशान किशन ने कहा कि विश्वकप के दौरान नेट पर कड़े अभ्यास का नतीजा है कि वह अपने बल्लेबाजी को निखार सके जो आखिरकार कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ जीत में मददगार साबित हुआ।

भारत ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 श्रखंला के पहले मैच में दो विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इशान ने कहा यह सच है कि मुझे शुरुआती मैचों के बाद विश्व कप में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला मगर इस दौरान मैने नेट में कड़ा अभ्यास किया और बल्लेबाजी में की जा रही गल्तियों में सुधार किया। इसका नतीजा है कि आज मै अपने कप्तान के साथ बड़ी साझीदारी बनाने में सफल रहा।

आस्ट्रेलियाई स्पिनर तनवीर संघा की पिटाई के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि ''लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने मात्र 39 गेंदों में 58 रन बनाये थे। उन्होने सूर्यकुमार (80) के साथ मिल कर शतकीय साझीदारी निभायी जिसकी बदौलत भारत ने 209 रन के लक्ष्य को रोमांचक मुकाबले में हासिल कर श्रृखंला को 1-0 कर दिया। इशान ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला हमेशा से तनाव भरा होता है मगर कल का दिन हमारा था जिसमें हम सफल भी हुये हैं ।

'लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया: इशान किशन



## सूर्यकुमार को अगले छह महीने तक बस टी20 खेलना चाहिए : आकाश चोपड़ा

**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये। भारत ने गुरुवार को पहले टी20आई में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20आई में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की ज़रूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फ़ोटकता से वाकिफ़ हैं और उनके लिए अलग तरह की फ़ील्ड लगाते हैं। उन्होने कहा मेरे नजरिए में, यह जरूरी नहीं है कि तीनों ही प्रारूपों में खिलाड़ी हिस्सा हों। सूर्या टी20 क्रिकेटर बन सकते हैं। अगले छह महीनों के लिए उनको टी20 क्रिकेट पर छोड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि तीनों प्रारूपों में उन्हें चाहने की वजह से हम एक टी20 रॉकस्टार खो दें। आकाश ने मुकेश कुमार के अहम 20वें ओवर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुकेश का आख़री ओवर शानदार था। उन्होंने इस ओवर में केवल पांच ही रन दिए, जिसमें एक नो बॉल भी थी। लेकिन उनकी सटीक यॉर्कर ने बल्लेबाज़ों को बांधे रखा। अगर वह इस ओवर में 15 रन तक दे देते तो भारत को 220 रन चेज़ करने होते और यह और भी मुश्किल हो जाता।

## सार संक्षेप

### एक दिवसीय विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाए कीर्तिमान

**मुबंई।** आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,250,307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 2015 विश्व कप के 1,016,420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया। डिज़्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्यूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) के आंकड़ों के अनुसार, टीवी पर कुल ख़पत 422 (अरब मिनट थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ विश्व कप फ़ाइनल टीवी पर 30 करोड़ लोगों ने देखा, जो 13 करोड़ अधिक था, जिससे डिज्नी स्टार के मुताबिक यह सबसे अधिक टीवी पर देखा जाने वाला क्रिकेट मैच बना। फ़ाइनल में डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड भी टूटा। डिज़्नी + हॉटस्टार पर 5.9 करोड़ व्यूअरशिप मिली जो सबसे बड़ा लाइव स्पोर्ट्स इवेंट बन गया।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का दल होगा सबसे बड़ा

**नई दिल्ली।** पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 140 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआई की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है। मलिक शॉट पुट में पैरालिंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। खेलो इंडिया पैरा गेम्स के पहले संस्करण में 1350 से अधिक पैरा एथलीट दिसंबर में राजधानी में उतरेंगे। हरियाणा अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले 242 पैरा एथलीटों के साथ सबसे बड़ा दल देखेगा, जबकि राजस्थान 140 पैरा एथलीटों का एक मजबूत दल भेजेगा और उत्तर प्रदेश 125 का दल भेजेगा। गुजरात में 100 पैरा एथलीट सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि मेजबान शहर दिल्ली के 97 एथलीट जोर आजमाइश करेंगे। दिलचस्प है कि महिला वर्ग में 442 एथलीट मैदान में उतरेंगे।

# पाकिस्तान की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

**सिडनी,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है।

विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है।

मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।

चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं।



पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी।

यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं : इयान चैपल

इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं।

चैपल ने कहा, इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं। स्टार्क, कमिंस, हेज़लवुड, ये लोग उस अतिरिक्त उछाल से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

## लॉरा वोल्वार्ट सभी प्रारूपों में द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

**जोहान्सबर्ग,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी। जिसमें युवा खिलाड़ी अयंदा ह्रुबी और एलिज़-मारी मार्क्स शामिल हैं, जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित कर रहे हैं। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लॉरा वोल्वार्ट का आधिकारिक कप्तान होना हमारी उत्तराधिकार योजना के लिए अच्छा संकेत है। इससे युवा खिलाड़ियों को मौका देने में टीम में मौजूद उत्साह में भी मदद मिलेगी और इसलिए हम इस आगामी दौरे में उन्हें अपना हाथ बढ़ाते और प्रभावशाली प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, नए सीज़न की शुरुआत में घरेलू और उभरते स्तर पर कुछ ठोस प्रदर्शन करने के बाद, सर्दियों के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद ऑलराउंडर एनेरी डर्कसेन राष्ट्रीय टीम में लौट आईं।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आईईएस में बैतूल के शुभम को मिली 64 वी रैंक



**बैतूल, देशबन्धु।** यूपीएससी द्वारा आयोजित इंडियन इंजीनियरिंग सर्विसेज में खंजनपुर बैतूल के शुभम ने ऑल इंडिया लेवल पर 64वी रैंक हासिल की है। शुभम ने बताया कि एग्जाम में सफलता के लिए उन्होंने लगातार प्रयास किया। सेल्फ स्टडी ऑनलाइन स्टडी पर फोकस किया। इस सफलता पर शुभम का कहना है कि अथक परिश्रम निरंतर से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।शुभम वर्तमान में न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन भारत सरकार में वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर कार्यरत है खंजनपुर मालवीय वार्ड बैतूल निवासी श्रीमती सुहागा रमेश कुमार पवार शिक्षक के सुपुत्र है। इस उपलब्धि पर उन्हें समस्त परिवार एवं शिक्षक परिवार की ओर से बहुत बधाई प्रेषित की गई।

### कुए में गिरकर डूबने से मानसिक बीमार युवक की मौत

**मुलताई, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र बोरदेही के ग्राम बिसखान में गुरुवार की सुबह कुए में डूबकर मौत हो गई। ग्राम बिसखान निवासी हरि पिता बिहारी बारंगे ने थाने में सूचना दी कि उसके पुत्र शिवराम पिता हरि बारंगे 35 साल की मानसिक स्थिति ठीक नही थी।जो कि गुरुवार की सुबह अपने खेत मे स्थित कुए में गिर गया। जिससे शिवराम की मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

### संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए चयन



**गंज बासौदा, देशबन्धु।** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र अनुराग पलोड़, बी कॉम फाइनल,मिलन संजय एलएलबी फाइनल ,हर्षित अरोड़ा बी कॉम फाइनल,मुकुंद अग्रवाल बी कॉम सेकंड ईयर, निकिल कुशवाह बी कॉम फाइनल, सिद्धार्थ आर्य एम कॉम फर्स्ट ईयर,का चयन संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए किया गया सभी छात्र विदिशा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खेल केलेंडर के अनुसार दिनांक 24/11/23 को शासकीय एक्सीलेंस कॉलेज भोपाल मे संभाग स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी,जिसमे सभी जिलों विदिशा ,भोपाल,रायसेन, सीहोर,राजगढ़, नर्मदापुरम,बैतूल, आदि जिलों के वॉलीबाल खिलाड़ी अपने खेल का प्रर्दशन करेंगे जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेंगे वह बरकतुल्लाह यूनिवर्सिटी भोपाल टीम में चयनित होंगे प्राचार्य श्री आर आर द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉक्टर पियूष दुबे , खेल अधिकारी मनीष अहिरवार, एवम समस्त प्राध्यापक व ऑफिस स्टाफ ने छात्र छात्रा को शुभकामनाएं दी ।

# स्कूटी को बचाने के चक्कर में यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ी, एक दर्जन घायल



**रायसेन, देशबन्धु।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले सांची मार्ग पर शुक्रवार को सुबह के समय विदिशा से रायसेन की ओर आ रही एक यात्री बस स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई इसके पश्चात बस पलट गई जिसमें सवार यात्रियों में से एक दर्जन यात्रियों को चोट है पहुंची हैं जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उक्त वर्ष तेज रफ्तार से चल रही थी उसी समय सामने से स्कूटी सवार का निकलना हुआ उसे समय उसे बचाने के चक्कर में बस के चालक ने बस को डिवाइडर की ओर मोड़ दिया जिससे यात्री बस डिवाइडर पर चढ़ने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार लगभग एक दर्जन यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है कुछ यात्रियों को मामूली उपचार करने के पश्चात घर भेज दिया गया है दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज सिंह सहित पुलिस बलमा के पर पहुंच गया था दुर्घटना में घायल सभी यात्रियों को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भिजवाया गया पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रामलीला मैदान में भर रहा पानी बना परेशानी, कैसे होगा वार्षिक मेले का आयोजन



**रायसेन, देशबन्धु।** आगामी 15 दिसंबर से आयोजित होने वाले ऐतिहासिक श्री रामलीला मेले के आयोजन को लेकर समिति की ओर से अभी तक कोई पहल शुरू नहीं की गई है, मेला स्थल रामलीला मैदान में इस समय घुटनों तक पानी भर रहा है इसके अलावा पूरे ग्राउंड में घास उग रही है जिसकी सफाई करने के लिए अभी तक कोई आगे नहीं आ रहा है जबकि रामलीला मैदान में इतनी ज्यादा मात्रा में पानी भरा हुआ है कि उसे सूखने के लिए बहुत समय लगेगा जबकि रामलीला मेला शुरू होने में अभी थोड़ा समय है परंतु 15 दिसंबर से वार्षिक रामलीला मेले का आयोजन यहां संपन्न होगा। इससे पूर्व रामलीला मैदान की साफ सफाई और समतलीकरण होना जरूरी है परंतु अभी तक रामलीला समिति की ओर से किसी ने आगे आकर पहल शुरू नहीं की है। शहर के लोगों में है चर्चा का विषय है कि वार्षिक रामलीला में लेकर आयोजन में ज्यादा समय नहीं है परंतु समिति की ओर से अभी तक आयोजन के संबंध में और रामलीला मैदान की साफ सफाई के संबंध में कोई पहल नहीं की जा रही। इसके अलावा रामलीला मैदान के आसपास अतिक्रमण भी किया हुआ है जिसे हटाया जाना जरूरी है वहीं दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रेत, गिट्टी के ढेर लगे हुए हैं उन्हें भी हटाने में समय लगेगा रामलीला मंच की भी साज सज्जा होना है, इस प्रकार से कई काम रामलीला मेला स्थल पर होना बाकी है। अभी तक समिति की ओर से पहल नहीं होना शहर वासियों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि रायसेन का रामलीला मेला दूर-दूर तक क्षेत्र में प्रसिद्ध है और यह आयोजन पूरे 103 वर्ष पूरे कर चुका है ऐसे में यहां की रामलीला मध्य प्रदेश क्षेत्र में भी अपनी पहचान बना चुकी है। रामलीला मेला आयोजन के लिए अभी तक यहां बैठक का आयोजन भी नहीं किया गया है। शहर के सनातन धर्म प्रेमियों ने सीकरी रामलीला मेला समिति की बैठक बुलाकर मेला से संबंधित कार्य योजना बन जाने की मांग मेला ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री दुबे से की है।

### ऐतिहासिक रामलीला में सुबह तक चला राम रावण के बीच युद्ध

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के गांधी चौक पर चल रही रामलीला में गुरुवार रात राम-रावण का घनघोर संग्राम हुआ। पूरी रात कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया।शुक्रवार सुबह-सुबह रावण वध की लीला दिखाई गई, इसके बाद रामलीला में 21 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके पहले नरान्तक के बुलावे के साथ रामलीला के मंचन की शुरुआत हुई थी। पहले नरान्तक और राम दल में जमकर युद्ध हुआ। नारान्तक वध के बाद रावण और राम का युद्ध हुआ। रावण बने शिवा खंडेलवाल और राम बने अमिष मिश्रा सहित अन्य कलाकारों ने पूरी रात भर युद्ध खेला। शुक्रवार सुबह 6:00 बजे अमृतकाल के चौघड़िया में रावण का वध किया गया। मुलताई में पिछले 121 सालों से लगातार रामलीला का मंचन किया जाता है। स्थानीय कलाकार हर साल नवरात्र की अष्टमी से इसकी शुरुआत करते हैं। इस बार लगभग 1 महीने से ज्यादा समय तक रामलीला का मंचन किया गया।

# बीसनुर मे शासकीय भूमि पर हो रहा दुकान एवं कंपलेक्स निर्माण



### ग्राम पंचायत ने की एसडीएम से शिकायत

**मुलताई, देशबन्धु।** क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत के मुख्य मार्गो की कीमती शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तक तो क्षेत्र में अतिक्रमण में कच्चे निर्माण की शिकायत ही प्राप्त हो रही थी किंतु ग्राम पंचायत बिसनुर के बस स्टैंड मुख्य मार्ग की कीमती शासकीय भूमि पर कब्जा कर दुकान एवं कंपलेक्स निर्माण किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई है । उक्त शिकायत अनुविभागीय अधिकारी मुलताई से ग्राम पंचायत सरपंच प्रियंका अतुल ठाकरे एवं सचिव राजेंद्र बर्डे ने की है। इस शिकायत पत्र में कहा गया है कि काशीनाथ धोटे एवं मनचित धोटे द्वारा ग्राम बिसनुर में खसरा नंबर 540 लगभग 0.607 हेक्टर भूमि शासकीय भूमि है। उक्त भूमि पर अवैधानिक रूप से मकान एवं दुकान कंपलेक्स बनाकर अतिक्रमण कर शासकीय भूमि में निर्माण किया जा रहा है। और जहां यह निर्माण किया जा रहा है उक्त भूमि ग्राम पंचायत द्वारा जनहित के कार्य हेतु सुरक्षित रखी गई थी। शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमण कर्ताओं को काम रोके जाने के लिए नोटिस भी दिया गया था किंतु अतिक्रमण कर्ताओं ने निर्माण कार्य नहीं रोका तथा वाद विवाद करने को आमद है। ग्राम पंचायत ने एसडीएम न्यायालय से उक्त निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा है कि मकान एवं दुकान के निर्माण कार्य पर तत्काल रोक लगाई जाए ताकि शासकीय भूमि को जनहित कार्य के लिए सुरक्षित किया जा सके ।

#### इनका कहना

*शिकायत प्राप्त हुई है इस मामले में संबंधित तहसीलदार जांच करने का कहां है अनावेदक को भी दो दिन में जवाब देने का कहा गया है।*

***तृप्ति पटैरया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मुलताई***

# मानसिक रूप से बीमार महिला से दुष्कर्म करने के लगाए आरोप



### युवाओं ने टीआई को सौपा ज्ञापन

**मुलताई, देशबन्धु।** मानसिक अस्वस्थ महिला के साथ गलत काम करने वाले की जांच कर कार्रवाई कर महिला को महिला को मानसिक रोगी उपचार केन्द्र भेजने की मांग को लेकर युवाओं ने एसडीएम तृप्ति पटेरिया एवं टीआई प्रज्ञा शर्मा से मुलाकात कर शुक्रवार को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि सूर्य पुत्री मां ताप्ती की पवित्र नगरी के बस स्टैंड प्रतीक्षालय में काफी समय से एक मानसिक अस्वस्थ अधेड़ उम्र की महिला रहती है, जिसके साथ एक व्यक्ति द्वारा काफी समय से बार-बार गलत काम किया जा रहा है। जिसकी जानकारी बस स्टैंड पर रुकने वाले मुसाफ़िरों ने दी तथा प्रतीक्षालय के अंदर दुकानदारों ने महिला के साथ उस व्यक्ति को जोर जबरदस्ती करते हुए देखा है।

युवाओं ने मामले की जांच करके महिला को इंसाफ दिलाने और आरोपी पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वही मानसिक रोगी महिला को मानसिक रोगी उपचार केन्द्र भेजकर उपचार कराने तथा मां ताप्ती की पवित्र नगरी में बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन व सार्वजनिक स्थानों पर रात्रि में सुरक्षा बड़ाई जाने की मांग की है।जिससे मां ताप्ती के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओ को भी सुरक्षा मिल सके। ज्ञापन सौपने वालो में शमीम खान,राजेन्द्र भार्गव,जगदीश सोनी,जाहिद पठान,राजू,राजेश पवार ,पाशा खान,लोकेश शामिल है।

# भाजपा के निर्माण की बुनियाद में कार्यकर्ता : शर्मा



**सिरोंज, देशबन्धु।** सिरोंज से भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शार्मा ने कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। चौरासियास पैलेस आनंदपुर लटेरी में आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में उन्होंने भाजपा के नव निर्माण में कार्यकर्ताओं के योगदान को अमूल्य बताया। उमाकांत शर्मा ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा के निर्माण में और वर्तमान में विश्व में सिरमौर पार्टी संगठन बनाने में सक्रिय रूप से काम करते हुए अपने जीवन का उत्सर्ग किया। हैं उन्होंने कहा कि मैं और मेरे जैसे सैंकड़ों लोग भाजपा के लिए 1989 से काम कर रहे हैं, अब समय है नई पीढ़ी युवा शक्ति आगे आकर नेतृत्व को संभाले। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों से लेकर अस्सी नब्बे साल तक के बुजुर्गों ओर अनेको अज्ञात लोग जिन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदान करवाने में अथक परिश्रम किया। मुझे याद है कि दीवाली के दिन अपना त्यौहार छोड़कर हमारे राष्ट्रीय नेता अमित शाह की सभा की तैयारियां कर रहे थे। वास्तव में पोलिंग पर कार्यकर्ता ही असली हीरो की भूमिका निभाता है। इस अवसर पर भैरों सिंह जादौन,लक्ष्मण सिंह बघेल, भारत सिंह राजपूत,राजकंवर बघेल,राममोहन पाराशर, रामगुलाम राजौरिया, महेंद्र राजपूत, संजय भंडारी, गुलाब सिंह यादव, दिनेश शर्मा,संतोष बघेल,सचिन शर्मा, संजय जैन,धनराज बघेल,शिवचरण प्रजापति, आदि सहित लटेरी एवं आनंदपुर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फुटपाथ से बाहर दुकानों का सामान सड़क पर लग रहा जाम



**गंजंबासौद, देशबन्धु।** पिछले दो वर्षों में अतिक्रमण हटाने मुहिम नहीं चलने से शहर के मुख्य मार्गो की सड़कों पर जाम के हालात निर्मित हो रहे हैं।दीपावली त्यौहार के बाद बाजार में जैसे-जैसे शादियों की रौनक बढ़ रही है वैसे ही दुकानदार व्यापारियों द्वारा दुकानों का सामान फुटपाथ से बाहर सड़क पर रखा जा रहा है। जिससे सड़क संकरी हो रही है और जाम के हालात पैदा हो रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग पहले से ही अतिक्रमण के चलते सकरे होते जा रहे हैं। उसी पर दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर सामान रखने से सड़क पर जाम लग रहा है। पाराशरी पुल का चौड़ीकरण होने के बाद इसके दोनों तरफ पर सब्जी फलों के ठेले लगाए जाने से मार्ग संकीर्ण हो गया यहां जाम के हालात फिर निर्मित होने लगे हैं। जबकि प्रशासन ने जाम से निजात पाने के लिए इस पुल का चोडी कारण किया था?। जयस्तंभ से लेकर त्योंदा रोड पारासरी पुल तक सड़क की फुटपाथ पर अतिक्रमण किया गया है। फुटपाथ पर कब्जा कर दुकान लगाने बालों के विरुद्ध नगर पालिका अमले ने सिर्फ सिर्फ चूने की लाईन डालने के बाद कोई कार्यवाही नही की है। मालूम हो कि साबर कर चौक बरेठ रोड का मुख्य मार्ग अति व्यस्त मार्गों में गिना जाता है सावरकर चौक से रेलवे स्टेशन तक सड़क चौड़ी है। लेकिन इस पर हाथ ठेले और सब्जी की दुकानें लगा दी जाती हैं उसी पर वाहन स्टैंड ना होने के कारण लोग सड़क पर ही अपने दोपहिया वाहन खड़े कर देते हैं जो जाम के हालात पैदा करते हैं। पूर्व में कई बार शिकायतों के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की गई लेकिन इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखना बंद नहीं किया है ।कई बार सड़क पर सामान रखने को लेकर विवाद की स्थिति भी निर्मित हो जाती है।

नपा के पूर्व नेता प्रति पक्ष हरीश सक्सेना का कहना हैकि पूर्व में नगर पालिका द्वारा लाइन डालकर दुकानदारों को हिदायत दी जाती थी कि इसके बाहर सामान ना रखा जाए जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रह सके। दुकानदारों को फुटपाथ के आगे चूने की लाइन डालकर उनकी हद निर्धारि की जाए। लाइन के बाहर सामान बाहर रखने वालों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाए जिससे अतिक्रमण पर अंकुश लगे ,और यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके नागरिकों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि त्योहारों को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए दुकानदारों को निर्देशित किया जाए कि वह फुटपाथ और सड़क पर अपना सामान ना रखें अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाए जिससे जाम की स्थिति से निजात मिल सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन कुमार शर्मा का कहना है कि अभी विधानसभा चुनाव की ड्यूटी के कारण कर्मचारी व्यस्त थे। लेकिन अब मुहिम चला कर कार्रवाई की जाएगी।

# सैण्ट एसआरएस स्कूल में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया

### एनएसएस स्वयं सेवक-सेविकाओं ने किया सहयोग



गंजबासौदा। स्वर्गीय नारायण सदाशिव राव पिंगले सेवा संस्थान, राजीव गांधी जन चिकित्सालय, सिटी पैथालाजी के तत्वावधान में स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, डा सौरभ जैन, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, समाज सेवी विजय अरोरा, करण मालवीय, खुशबू सेन, एनएसएस अधिकारी कृष्णपालसिंह चौहान, श्रीमती रजनी गुप्ता ने सरस्वती पूजन कर किया। इस अवसर पर दो सौ से ज्यादा छात्र-छात्राओं के ब्लड ग्रुप की जांच कर ग्रुप बताया। वहीं डा सौरभ जैन ने सभी छात्रों के दांतों की जांच की एवं बच्चों को समझाना कि रोज सुबह और रात ब्रश करने का परामर्श दिया। वहीं कुछ छात्र छात्राओं को दवा लेने की सलाह दी। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, विजय अरोरा ने बच्चों को स्वस्थ रहने के गुर बताए। संस्था डायरेक्टर केएस यादव ने बच्चों से स्वस्थ जीवन के लिए अपनी दिनचर्या में नियमित व्यायाम एवं अच्छे खान पान को शामिल करने और किसी भी रोग के लक्षण प्रकट होते ही चिकित्सकों से परामर्श करने प्रेरित किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवक और सेविकाओं ने शिक्षक प्रियंका अग्रवाल, अनुज गुप्ता, मनोज श्रीवास्तव, गोविंद कुशवाह, विक्रांत सोनी, दीपेश मीणा, डाली तिवारी, दीपा ताम्रकार, सुपार्श जैन, पूनम सक्सेना, प्रीति माथुर सहित शिक्षक परिवार के लोग मौजूद रहे।

# कबाड़िए के खिलाफ पत्नी के अपहरण करने का आरोप

### पीड़ित पति ने एसपी से की शिकायत, कार्रवाई की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम चिलमटेकरी की एक 32 वर्षीय आदिवासी महिला के अपहरण करने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने अज्ञात कबाड़िए के खिलाफ अपहरण करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। शिकायतकर्ता मोहन उईके ने बताया कि उनकी पत्नी पुष्पा उईके विगत 11 नवंबर से लापता है। उन्होंने आशंका जताई है कि एक व्यक्ति गांव में कबाडे की खरीदी बिक्री करने आता था। उनकी पत्नी जब से लापता हुई है अज्ञात कबाड़ी भी गांव में कबाड़ा खरीदी करने नहीं आया है। पीड़ित पति ने बताया कि वह अपनी पत्नी पुष्पा को वापस लाना चाहता है क्योंकि उनके दो छोटे बच्चे रोते बिलखते हुए लगातार उनकी मां को याद कर रहे हैं। इस मामले में ग्रामीण गौरा, छोटेलाल, महेश, सुनील, सुशीला, सरोज, देवकी, सोनम आदि ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन सौपकर उचित कार्यवाही का करने का आग्रह किया है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायत आवेदन में बताया कि महिला के पति के साथ उसका पूरा गांव है। आवेदक मोहन उइके की पत्नी पुष्पा का 11 नवंबर को ग्रह ग्राम चिलम टेकरी से उसी के घर से किसी अज्ञात व्यक्ति ने अपहरण कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एक अज्ञात व्यक्ति कबाड़ा बीनने एवं खरीदी करने आता था। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें खबर मिली है कि पुष्पा बैतूल के ही किसी मोहल्ले में निवास कर रही है। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से उचित कार्यवाही कर पुष्पा का पता

## सार समाचार

### शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में काउंसिलिंग कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग और राष्ट्रीय हौम्योपैथी आयोग से अनुमति प्राप्त शासकीय शासकीय स्वशासी और निजी आयुष महाविद्यालयों में एमपी ऑनलाइन के माध्यम से काउंसिलिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसके लिये आयुष विभाग ने कार्यक्रम निर्धारित कर लिया है। काउंसिलिंग की कार्यवाही 16 नवम्बर से आरंभ हो चुकी है। अब आयुष महाविद्यालयों में रिक्त सीटों की स्थिति का प्रदर्शन 24 नवम्बर को किया जायेगा। इसके बाद इसी दिन मेरिट सूची का प्रकाशन और पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। काउंसिलिंग कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाइस फिलिंग) 25 से 27 नवम्बर तक की जा सकेगी। महाविद्यालयवार मेरिट सूची प्रकाशन (1×10) के आधार पर 28 नवम्बर को प्रातः 8 बजे होगी। महाविद्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने की तिथि 29 नवम्बर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी। इसके बाद महाविद्यालय में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन 29 नवम्बर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। महाविद्यालय में अस्थाई प्रवेश 29 नवम्बर को ही दोपहर 2:30 बजे से शाम 7 बजे तक लिया जा सकेगा। आयुक्त आयुष कार्यालय में काउंसिलिंग कार्यक्रम के लिये नियम और निर्देश विस्तृत रूप में विभागीय वेबसाइट और एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।

### 16 दिसंबर को एसएनजी ग्राउंड में होगा अनुगूंज कार्यक्रम

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम 16 दिसंबर को एसएनजी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। जिसके संबंध में आज संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग नर्मदापुरम के सभागार में संयुक्त संचालक भावना दुबे की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि अनुगूँज कार्यक्रम की व्यापक तैयारियां समय सीमा में सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय के छात्र ही भाग लेंगे,कार्यक्रम में सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, पारंपरिक ऐतिहासिक नाट्य रूपांतरण का आयोजन होगा। शासकीय विद्यालयों में छिपी प्रतिभा निकलना एवं चौमुखी विकास करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, कार्यक्रम की सफल आयोजन के लिए कोरियोग्राफर कमल झा एवं विशाल सिंह रहेंगे। जो शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देंगे। 16 दिसंबर को एसएनजी स्कूल स्टेडियम में होने वाले अनुगूंज कार्यक्रम के लिए छात्र छात्रों को प्रशिक्षित करेगें। बैठक में प्रमुख रूप से एपीसी विनोद तिवारी, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय साधना बिल्थरिया, अर्चना मिश्रा, जय वर्मा, कीर्ति शिवपुरिया, बीपी पठारिया, संदीपन निखर, अनुपमा राय, मंजू दुबे, मानस दुबे, सुनीता पवार, स्मृति कंसकर, कोरियोग्राफर विशाल सिंह, कमल झा, आरके सैनी, संदीप सिंह,आशीष पटेल अश्विनी मालवी एवं अन्य उपस्थित रहे।

### सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल ने एनसीसी स्थापना दिवस पर रैली निकालकर दिया संदेश



**इटारसी, देशबन्धु।** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की छात्राओं ने एनसीसी का स्थापना दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य में विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया और रैली निकाली। एनसीसी स्थापना दिवस 25 नवंबर के उपलक्ष्य में सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल की एनसीसी छात्राओं ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह पर रैली का आयोजन किया गया। स्कूल की एनसीसी कैडेट्स ने रैली के माध्यम से आमजन को बाल विवाह से बचने, कन्या भ्रूण हत्या रोकने और अपने नगर को साफ-स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

# अपने ही 10 लाख नहीं मिले, परेशान होकर कर ली आत्महत्या

- मर्ग जांच के बाद पुलिस ने पांच के खिलाफ किया मामला दर्ज
- दोस्ती का फायदा उठाकर लिए दस लाख, वापस देने आनाकानी

**इटारसी, देशबन्धु।** अपने ही दस लाख रुपए उधार देकन वापस नहीं मिलने पर बजरंगपुरा निवासी एक युवक ने 15 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पूर्व युवक ने एक पत्र में पांच लोगों का नाम लिखकर बताया था कि इनके दस लाख रुपए उधार दिये थे, वापस मांगने पर ये लोग नहीं दे रहे हैं, परेशान होकर उसे आत्महत्या करनी पड़ रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया और जांच के उपरांत पांच लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने का मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बजरंगपुरा निवासी संजीव पिता सुधीर चौधरी 43 वर्ष ने 15 अक्टूबर 23 को आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास से एक पत्र मिला था जिसमें उसने जिक्र किया था कि आरोपियों को दस लाख रुपए दिये थे, वापस मांगने पर तीन साल से लगातार बहानेवाजी कर रहे हैं, परेशान होकर उसे आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़ रहा है। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज किया।

### जमीन के पैसे मिले थे

संजीव के पिता को अपनी जमीन रेलवे लाइन के लिए अधिग्रहण होने पर 50 लाख रुपए मिले थे। संजीव और आरोपी विजय उर्फ बिल्लू पिता नंदकिशोर वर्मा आपस में अच्छे मित्र थे और उनकी परिवारिक मित्रता थी। संजीव का कहना था कि इसी का फायदा उठाकर संजीव से विजय और उसके परिवार के सदस्य भाई अजय पिता नंदकिशोर वर्मा, संजय पिता नंदकिशोर वर्मा, कविता पिता नंदकिशोर वर्मा, पार्वती पति नंदकिशोर वर्मा, सभी निवासी बजरंगपुरा ने अलग-अलग रुपए लिए। किसी ने एक लाख, किसी ने पचास हजार सहित अलग-अलग रुपए उधार लिये और वापस मांगने पर तीन साल से बहाने बनाते रहे। संजीव के पिता लगातार उसे पैसे वापसी के लिए कहते रहे और वर्मा परिवार बहानेवाजी करता रहा। संजीव अपने पिता को संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा था और आखिरकार पैसे नहीं मिलने पर परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पत्र और मामले की जांच के बाद पांचों आरोपियों के खिलाफ धारा 306, 34 का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## बांद्राभान मेले का शुभारंभ आज, 28 नवंबर तक लगेगा मेला



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर मां नर्मदा और तवा के संगम पर बांद्राभान का मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ 25 नवंबर को सुबह 9 बजे 10 बजे के मध्य किया जाएगा। मेला 28 नवंबर तक संचालित होगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार बांद्राभान की समुचित तैयारी सुनिश्चित की गई है। जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ने बताया कि मेले के सुचारू संचालन के लिए मेला स्थल को पांच सेक्टरों में विभाजित किया गया है। विभाजित किये गये सेक्टरों में प्रभारी अधिकारी एवं सहायक अधिकारी कर्मचारी नियुक्त किये गये है, जिन्हें क्षेत्र आवंटित करते हुये क्षेत्र का दायित्व सौपा गया है। प्रत्येक सेक्टर के लिए सेक्टर अधिकारी एवं सहायक कर्मचारी जिम्मेदार होंगे। वे अपने सेक्टर में सतत भ्रमण करते हुये व्यवस्था सुचारू सम्पादित कराएंगे। सेक्टर में लगाये गये कर्मचारियों की रोटेशन अनुसार डयूटी निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार कर्मचारी मेला में उपस्थित रहेगें। संपूर्ण मेला स्थल पर कानून व्यवस्था का प्रभारी एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे को बनाया गया। तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर एवं जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकर को सहायक मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो कानून व्यवस्था के साथ सुचारू रूप से मेले का संचालन कराएंगे।

# जहरखुरानी के आरोपी को 7 वर्ष का सश्रम कारावास और अर्थदंड

**इटारसी, देशबन्धु।** प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हर्ष भदौरिया की अदालत ने जहर खुरानी के आरोप में राजस्थान निवासी भरत उर्फ सूरज जैन पिता अशोक जैन उम्र 43 वर्ष को भारतीय दंड विधान की धारा 328 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा एवं 5000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है, साथ ही मोबाइल चोरी के आरोप में धारा 379 के तहत 3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थ दंड से दंडित किए जाने का आदेश भी पारित किया है। अर्थ दंड अदा नहीं करने की स्थिति में दोनों धाराओं में 6 माह एवं एक वर्ष का सश्रम कारावास और भोगना होगा।

अपरलोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि फरियादी जितेंद्र पंडित उम्र लगभग 40 वर्ष अपने ग्रह ग्राम जिला छपरा बिहार से वापस मुंबई जाने के लिए रेलवे स्टेशन पटना से 2 नवंबर 2022 को ट्रेन नंबर 01032 पूजा एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-4 में सीट नंबर 9 पर बैठकर यात्रा कर रहा था। 3 एवं 4 नवंबर 2022 की मध्य रात्रि में एक बदमाश ने फरियादी से बातचीत करना प्रारंभ कर दिया तथा उसी कोच में 11 नंबर की सीट पर बैठ गया। इटारसी आने पर आरोपी ने स्टेशन से दो दूध की बोतल लेकर आया जिसमें से एक खुली हुई बोतल फरियादी जितेंद्र पंडित को पीने को दी।

जितेंद्र पंडित ने वह दूध पिया, कुछ देर पश्चात उसे चक्कर से आने लगा और उसकी नींद लग गई। जब रात्रि 2 बजे के लगभग उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसके गले में पहनी हुई सोने की चेन 9 ग्राम की तथा जेब में रखा हुआ वीवो कंपनी का एक मोबाइल चोरी चला गया है। जो व्यक्ति 11 नंबर की सीट पर सामने बैठा हुआ था वह भी कहीं उतर गया है। पटना जाने पर उक्त व्यक्ति ने घटना की शिकायत दर्ज कराई थी। अपराध पंजीबद्ध करके केस डायरी जीआरपी थाना इटारसी भेजी थी जहां से आरोपी को 5 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया। आरोपी गिरफ्तारी दिनांक से निर्णय सुनाए जाने की दिनांक तक न्यायिक अभिरक्षा में ही केंद्रीय जेल नर्मदा पुरम में निरोध की अवधि बिता रहा है।

इस प्रकरण में अभियोजन की ओर से एजीपी राजीव शुक्ला के ने 10 साक्ष्यों का परीक्षण न्यायालय में कराया तथा बचाव साक्षी के रूप में स्वयं आरोपी भारत जैन ने अपनी साक्ष्य न्यायालय में अंकित कराई थी। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह स्पष्ट लिखा है कि नशीले पदार्थ के संबंध में अभियोजन साक्षी पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर अमरप्रीत सिंह ने अपने कथन में यह बात बताई थी कि फरियादी का मेडिकल परीक्षण किए जाते समय उसके शरीर में ब्लड रिपोर्ट में अल्कलाइन फॉस्फेट और एसजीओटी थोड़ा बढ़ा हुआ पाया था जो लिवर को थोड़ा क्षतिग्रस्त होना दर्शाता है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीली गोली ऐटिवान की जब्त की थी और उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला भोपाल भेजा था जहां से परीक्षण रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत हुई थी जिसमें यह स्पष्ट अभी लिखित है कि जो गोलियां परीक्षण हेतु भेजी गई थी उनमें लोरेजीपेम के रूप में रासायनिक विश की उपस्थिति स्पष्ट रूप से दर्शित होती है। पुलिस ने आरोपी कोमुंबई से गिरफ्तार किया था।

आरोपी भारत जैन शातिर अपराधी है जिस पर जहरपुरानी के अनेक अपराध पंजीबद्ध हो चुके हैं और वह अनेक अपराधों में विभिन्न प्रांतों में रहकर सजा भी भुगत चुका है। आरोपी भरत जैन का सजा वारंट तैयार किया जाकर उसे सजा भुगत ने हेतु जिला जेल नर्मदा पुरम भेजा गया है। आरोपी जितने दिन जेल में रहा है उस अवधि को मूल कारावास की अवधि में समायोजित किया जाएगा।

# लायंस कपल क्लब ने पथरोटा थाने में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**इटारसी, देशबन्धु।** लायंस क्लब कपल ने पथरोटा पुलिस स्टेशन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर पुलिस कर्मियों की मधुमेह और रक्तचाप की जांच की। शिविर में चिन्हित मरीजों की जांच भोपाल भेजने का निर्णय लिया। इस दौरान डॉ. राकेश बत्रा ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी।

कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ रविंद्र गुप्ता ने शुगर और बीपी से संबंधित मरीजों के खान-पान को किस प्रकार से नियंत्रित करें इस बारे में जानकारी दी तथा पुलिस विभाग में रहते हुए स्ट्रेस का मैनेजमेंट किस प्रकार से करें इसके बारे में भी जानकारी दी। सरकार के द्वारा दी गई मोटे अनाज की पॉलिसी की भी उन्होंने प्रशंसा की तथा मोटे अनाज का उपयोग करने से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में सभी पुलिस कर्मियों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. विजयंत बड़कुल ने आभार व्यक्त किया। मुख्य भूमिका पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार ने निभाई एवं क्लब के इस कार्य के प्रशंसा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब सदस्य डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ संजय गुप्ता, पार्षद कुंदन गौर, सुनील सराठे आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आबकारी विभाग ने 2 जगह से जब्त की हजारों की शराब एवं महुआ लाहन



**इटारसी, देशबन्धु।** आबकारी विभाग ने आज नाला मोहल्ला एवं नई गरीबी लाइन क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 70 लीटर शराब और एक हजार किलो से अधिक महुआ लाहन जब्त किया।

आज शुक्रवार को आबकारी वृत इटारसी शहर के नाला मोहल्ला एवं गरीबी लाइन क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही में 70 लीटर हाथभट्टी मदिरा एवं 1050 किलो ग्राम लाहन जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 07 प्रकरण कायम किए। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 119000 रुपए है।

कार्रवाई में आबकारी उड़नदस्ता से आबकारी उपनिरीक्षक केके पड़रिया मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा, आबकारी आरक्षक मदन रघुवंशी, तारा पवार, नगर सैनिक रामावतार यादव का सराहनीय योगदान रहा।

# 16 दिसंबर को होगा संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम



**इटारसी, देशबन्धु।** संभाग स्तरीय अनुगूंज कार्यक्रम के संबंध में आज संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग नर्मदापुरम के सभागार में श्रीमती भावना दुबे संयुक्त संचालक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में प्रमुख रूप से विनोद तिवारी एपीसी, साधना बिल्थरिया प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, अर्चना मिश्रा, जय वर्मा, कीर्ति शिवपुरिया, बीपी पठारिया, संदीपन नीखर, अनुपमा राय, मंजू दुबे, मानस दुबे, सुनीता पवार, स्मृति कंसकर एवं कोरियोग्राफर विशाल सिंह, कमल झा, आरके सैनी, संदीप सिंह, आशीष पटेल, अश्वनी मालवी एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति में निर्णय लिया कि, अनुगूज कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी।

कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय के छात्र ही भाग लेंगे, कार्यक्रम में सामूहिक गान, सामूहिक नृत्य, लोक नृत्य, पारंपरिक ऐतिहासिक नाट्य रूपांतरण, का आयोजन होगा। शासकीय विद्यालयों में छिपी प्रतिभा निकलना एवं चौमुखी विकास करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कोरियोग्राफर कमल झा एवं विशाल सिंह रहेंगे, जो शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देंगे। 16 दिसंबर को एसएनजी स्कूल स्टेडियम में होने वाले अनुगूंज कार्यक्रम के लिए छात्र छात्रों को तैयार करेंगे।

# अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित, प्रशिक्षण में बताई गई मतगणना की बारीकियां



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियुक्त मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को कलेक्टरेट कार्यालय के स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारीकियां बताई। प्रशिक्षकों ने मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानी एवं विभिन्न प्रारूपों में दी जाने वाली जानकारियों के संबंध में बताया। उन्होंने बताया कि विधानसभावार 14 टेबल में मतों की गणना की जाएगी। प्रत्येक टेबल में राजपत्रित अधिकारी स्तर के एक अधिकारी को सुपरवाईजर बनाया जाएगा। इसके साथ ही गणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर भी होंगे। इन अधिकारियों को तीन चरण के रेण्डमाईजेशन के पश्चात् नियुक्त किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतगणना स्थल मोबाईल ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा। रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने, स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ई.व्ही.एम. का परिवहन, मतगणना हॉल की व्यवस्था सहित संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की वीडियोग्राफी के लिए सीसीटीवी का उपयोग किया जाएगा। मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु अधिकारियों को अनुशासन व शिष्टाचार के साथ मतगणना की बारीकियों के संबंध में गहन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मतगणना के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों की जानकारी देते हुए उनका शत- प्रतिशत् पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर पुर्नगणना आदि की प्रक्रियाओं एवं निर्देशों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतगणना के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की भूमिका के संबंध में भी जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को गंभीरतापूर्वक ग्रहण करने तथा किसी भी प्रकार की दुविधा होने पर तत्काल प्रश्न करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि त्रुटिरहित मतगणना के लिए यह अत्यंत आवश्यक है, कि सभी नियमों को भलीभांति ज्ञान हो। नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, मास्टर ट्रेनर राजेश जैसवाल द्वारा डाक मत पत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना समाप्ति के पश्चात ईवीएम को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, मतगणना हेतु आवश्यक सामग्री तथा द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रुप से प्रेषित डाक मतपत्र प्रणाली से प्राप्त मतों की गणना और मतगणना के परिणामों की वेबसाईट में एंट्री के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री एसएस रावत तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित जिले के निर्वाचन से संबद्ध अधिकारी उपस्थित थे।

# फिर लौटेगा समरस्ता नगर का गौरव, 40 लाख से संवरेगी कालोनी



**इटारसी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद इटारसी को इस वर्ष दूसरी बार स्कॉच अवार्ड मिला। यह नगर के लिए गौरव की बात तो है, लेकिन पहली बार जब अवार्ड मिला था, उसे संजोकर दीवार पर तो टांगा परंतु जिस चीज के लिए मिला था, उसकी हालत बद से बदतर इसलिए होती चली गयी क्योंकि कुछ तो नगर पालिका ने अनदेखी की और कुछ वहां के रहवासियों ने मिली सौगात को संभालकर रखने की जगह अपनी रहन-सहन की प्रवृति नहीं बदली और जगह को कबाड़ बना दिया।

जी हां! हम बात कर रहे हैं, एक वक्त सबसे ज्यादा चर्चित उस समरस्ता नगर की, जो आज बदहाल है और यहां के रहवासियों की जीवन किसी नरक से कम नहीं। इसी समरस्ता नगर के नवाचार के लिए नगर पालिका को पहला स्कॉच अवार्ड मिला था। उस वक्त सीएमओ थे, अक्षत बुंदेला। उन्होंने भी काफी मेहनत की थी और तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुधा अग्रवाल के प्रतिनिधि और वर्तमान पार्षद सभापति कल्पेश अग्रवाल ने स्वयं रुचि लेकर इस स्थान को विकसित कराया था। लेकिन कतिपय अधिकारियों ने इसके बाद इस स्थान को यथावत बनाये रखने पीछे मुड़कर नहीं देखा और यहां के निवासियों ने उनको दी गई सुविधा का बेजा इस्तेमाल करके जगह को कबाड़ बनाने में कसर बाकी नहीं रखी। नतीजा, आज यह जगह बेहद खराब हो गयी है।

### नयी योजना पर काम

ऐसा नहीं है कि यहां रहने वालों को बदहाली में छोड़ दिया जाएगा। अब नगर पालिका परिषद ने इस जगह के लिए नये प्लान पर काम प्रारंभ कर दिया है। बस कलेक्टर से अनुमति के इंतजार में देरी हो रही है। यदि कलेक्टर से अनुमति मिली तो फिर जगह को शानदार कर दिया जाएगा। लेकिन, यहां के निवासियों को भी सोचना होगा कि उनको मिल रही सुविधा के लिए सरकार बार-बार पैसा खर्च नहीं करेगी बल्कि इसे संभालकर रखना रहवासियों की ही जिम्मेदारी होगी। इसी शर्त पर दोबारा इसके लिए योजना तैयार की गई है।

### रहवासियों को मिलेगी पक्की छत

वर्तमान में समरस्ता नगर में जो मकान बने हैं, उनकी छत टीन चादर की है, एक ही कमरा है जिससे रहवासी संतुष्ट नहीं हैं। नगर पालिका ने पक्की छत बनाने की योजना बनायी है। समरस्ता नगर में मकानों की हर गली में पक्की सीमेंटेड सड़क होगी, खंभे लगेंगे और उन पर स्ट्रीट लाइट का इंतजाम होगा। इसके लिए नगर पालिका ने कलेक्टर को पूरी योजना भेजकर संचित निधि से पैसा खर्च करने की अनुमति मांगी है। मलिन बस्तियों के लिए संचित निधि से पैसा खर्च करने के लिए कलेक्टर से अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होता है।

### सार्वजनिक शौचालय बनेगा

पूरे समरस्ता नगर के लिए एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पुनः कराया जाएगा। पिछली दफा जब कालोनी बनायी थी, तब नगर पालिका ने यहां पांच-पांच सीटर शौचालय का निर्माण कराया था, लेकिन यहां के रहवासियों ने उसे तोड़फोड़ करके अनुपयोगी कर दिया। पेयजल व्यवस्था के लिए नगर पालिका ने नलकूप खनन किया था जिसमें थोड़ा पानी आया, फिर यह भी अनुपयोगी हो गया। यहां नेताओं और अधिकारियों के जितने दौरे हुए, हर बार लोगों ने नगर पालिका और नपा ने रहवासियों को दुर्दशा के लिए जिम्मेदार ठहराया।

### इनका कहना है....

समरस्ता नगर के लिए 40 लाख का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा है। यह काम संचित निधि से किया जाना है, अतः कलेक्टर की अनुमति जरूरी होती है। यहां रोड बनेगी, लाइट लगायी जाएंगी। यहां के नागरिकों से भी आश्वासन लिया है कि वे इसकी देखरेख करेंगे और पूर्व की तरह इसे खराब नहीं करेंगे।

**पंकज चौरे,** अध्यक्ष नगर पालिका इटारसी

### अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच

- अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है सेबी : सुप्रीम कोर्ट
- याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसे सत्य बयान के तौर पर नहीं मान सकते हैं। इसकी सच्चाई को परखने और जांचने का कोई साधन नहीं है। इसीलिए हमने सेबी को इस मामले की जांच करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्य के तौर पर सही मानने की जरूरत नहीं है। सेबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सेबी अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बेंच के सामने से पढ़ने से रोक दिया।

वहीं इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित एक्सपर्ट कमेटी को ग्रुप के खिलाफ जांच में कोई सबूत नहीं मिले थे। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अडानी ग्रुप द्वारा शेयर की कीमत में मैनिपुलेशन के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच कमेटी ने सेबी की 4 रिपोर्टस का हवाला दिया गया था।

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार और सेबी को भविष्य में निवेशकों के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य कारणों में से एक जिसके कारण हमें हस्तक्षेप करना पड़ा। वह शेयर बाजार की अत्यधिक अस्थिरता है जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मेहता से पूछा, अब, शॉर्ट सेलिंग के कारण इस तरह की अस्थिरता से बचाने के लिए सेबी क्या करना चाहती है, जिससे निवेशकों का नुकसान होता है। मेहता ने कहा कि शॉर्ट-सेलिंग से जुड़े मामलों में कानून के मुताबिक सेबी कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जहां भी हमें शॉर्ट सेलिंग दिखेगी, हम कार्रवाई करेंगे और हम कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि आप अदालत से बिना किसी सबूत के एसबीआई और एलआईसी की जांच का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं। क्या आपको इस तरह के निर्देश के प्रभाव का एहसास है। क्या यह कॉलेज में होने वाली कोई बहस है। पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

## अब तक कुल 6 याचिकाएं दायर

मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले में मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी, आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी। एक और याचिका दायर की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने नई कमेटी बनाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि कमेटी में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाए, जिनकी छवि बेदाग हो और इस केस से कोई लेना-देना न हो। विशाल तिवारी ने सेबी की रिपोर्ट में देरी के कारण एक और याचिका दायर की थी। इसमें अवमानना कार्यवाही की मांग की गई थी। कहा था कि सेबी को दी गई समय सीमा के बावजूद वह अदालत के निर्देशों का पालन करने में विफल रही है।

### याचिकाकर्ता ने सेबी पर भी उठाए सवाल

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सेबी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पास 2014 से ही इस मामले की पूरी जानकारी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि खुफिया निदेशालय ने साल 2014 में ही सेबी के साथ पूरी जानकारी साझा की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए साक्ष्य कहां हैं? इस पर वकीलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल और स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं को परखा, दी हिदायत

# कभी बिजली गुल न हो, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रहें



**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी 3 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के मददेनजर मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने आज सीहोर, देवास, इंदौर में मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंनें मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को परखा, श्री राजन को कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

श्री राजन ने मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने कहा कि मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। मतगणना स्थल के निरीक्षण के पश्चात कलेक्ट्रेट के कोषालय के स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर डाक मतपत्र की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ईवीएम के लिए बनाए गए वेयर हाउस का भी निरीक्षण किया तथा निर्वाचन के पश्चात ईवीएम के रखने के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

श्री राजन को सीहोर कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। वहीं श्री राजन ने केन्द्रीय विद्यालय बैंक नोट प्रेस देवास में बनाए गए, कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। मतगणना स्थल परिसर में रुके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। उन्होंने देवास जिले में मतगणना स्थल केंद्रीय विद्यालय, बैंक नोट प्रेस देवास में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया।

श्री राजन ने इंदौर के नेहरू स्टेडियम में मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इंदौर डॉ. इलैयाराजा टी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन को मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में अवगत कराया। श्री राजन ने इंदौर के 9 विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया। विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं को भी देखा।

उन्होंने मतगणना टेबलों, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। श्री राजन ने मतगणना स्थल पर स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी के लिए बनाई गई व्यवस्था को देखा। मतगणना स्थल परिसर में स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए मौजूद अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा भी की। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त इंदौर मालसिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### डाक मतपत्र से शुरू होगी वोटो की गिनती

विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। इसके पहले सुबह 8.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी।

### भाजपा-कांग्रेस ने विभूतियों को अर्पित किए श्रद्धासुमन

## स्व. कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर हुआ सुंदरकांड का आयोजन



### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित कई नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद पर विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल के 74 बंगला स्थित बी-30 निवास पर पहुंचकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किए और सुंदरकांड में भी शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उनके निवास पर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व नागरिकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर सुंदरकांड का पाठ किया गया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पूर्व सांसद आलोक संजर, जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी, विजय अटवाल और गिरीश शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### प्रदेश कार्यालय में भी जोशी को किया याद

भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया। इसके पहले सांसद श्री शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जोशी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जोशी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान प्रदेश कार्यालय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश मंत्री लोकेन्द्र पाराशर और प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेंद्र शर्मा सहित पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## गुरू तेग बहादुर, स्व. जोशी का किया पुण्य स्मरण



**भोपाल, देशबन्धु।** सिख समाज के गुरु तेग बहादुर, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी की पुण्य तिथि पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जहां पुण्य स्मरण किया, वहीं पंड़ित सीतारमैया को भी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। कांग्रेसजनों ने यहां तीनों विभूतियों को याद करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी सिखों के नौवें गुरु थे। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धान्त की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहब का स्थान अद्वितीय है। देवास जिले की बागली विधानसभा के विधायक रहे कांग्रेस नेता दीपक जोशी के पिता पूर्व मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय कैलाश जोशी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने पुण्य स्मरण किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गांधीवादी, प्रख्यात आचार्य एवं मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल आधुनिक भारत के विचारक डॉ. पंडित सीता रमैया ने देश और प्रदेश में अनेकों सराहनीय कार्य किए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, जे.पी. धनोपिया, महामंत्री चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, पूर्व मंत्री मुकेश नायक, संतोष सिंह परिहार, जितेन्द्र मिश्रा, राजकुमार सिंह, हाकिम सिंह प्रताप भानु सिंह, डॉ. ज्योत्सा खरे, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, सतपाल सिंह, कप्तान सिंह, ओमकार सिंह तोमर, जतिन्दर पाल सिंह राजा, आशीष चौबे सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### पं. सीतारमैया को जयंती पर किए श्रद्धासुमन अर्पित

### पूर्व मंत्री मुकेश नायक ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की शिकायत

# पन्ना जिला निर्वाचन अधिकारी को हटाने की मांग



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने जिला निवार्चन अधिकारी और कलेक्टर के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। इस संबंध में पूर्व मंत्री मुकेश नायक के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के मख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया है।

श्री नायक ने कहा कि पन्ना जिले में 260 यात्री बसें अधिग्रहित की गई थी, साथ ही 208 चार पहिया वाहन भी चुनाव ड्यूटी में लगाए गए थे। इसी अलावा 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों की निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए एकाएक ड्यूटी लगाई गई थी। पन्ना जिले में जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा यात्री बसों के लगभग 5 सौ से अधिक चालक, परिचालक और 3 सौ से ज्यादा अतिथि शिक्षकों को मतदान करने के कोई प्रबंध नहीं किए गए, वे मतदान से वंचित रहे। चालक, परिचालक और अतिथि शिक्षकों द्वारा जिम्मेदार अधिकारियों से मतदान करने की मांग करने के बावजूद उनके साथ अनदेखी की गई। जिससे लगभग 8 सौ से ज्यादा व्यक्ति मताधिकार से वंचित हो गए। ज्ञापन देते समय प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया सहित अन्य कांग्रेसजन भी उपस्थित थे।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श के खिलाफ मामला दर्ज

**अलीगढ़, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श के हाथों में बियर और पैर के नीचे विश्व कप ट्रॉफी रखे जाने से आहत होकर एक आरटीआई कार्यकर्ता ने थाने में तहरीर दी है. जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मिशेल मार्श ने ट्रॉफी पर पैर रखकर उसका अपमान किया है।

आरटीआई कार्यकर्ता पंडित केशव देव ने अपनी शिकायत में लिखा है कि इंटरनेट पर उन्होंने एक फोटो देखी थी. जिसमें आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल मार्श का विश्व कप की ट्रॉफी के ऊपर पैर रखे हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे देश के 140 करोड़ लोगों के सम्मान को ठेस पहुंची है. जिसके बाद उन्होंने थाना देहली गेट में मिशेल मार्श के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है. साथ ही भारत के साथ उनके मैच पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई है। विश्व कप का फाइनल मुकाबला जीतने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को ट्राफी देकर सम्मानित किया था. मगर मिशेल मार्श ने इसका अपमान कर दिया. यह देखकर हर किसी को बहुत पीड़ा हुई यह अपराध की श्रेणी में आता है. ऐसे में मिशेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

### फोटो खिंचवाने पर घिरे उप्र के मंत्री

# बिलखती हुईं शहीद की मां बोलीं- यहां प्रदर्शनी मत लगाओ



**आगरा, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शहीद हुए कैप्टन शुभम गुप्ता मां बुरी तरह बिलख पड़ीं और कहने लगी कि 'यह प्रदर्शनी मत लगाओ...'। बेटे की शहादत से लगभग टूट-सी चुकी मां होश भी खो चुकी थी और बार-बार कह रही थी कि बेटे को बुलाकर लाओ, लेकिन इन सबके बीच सररकार की तरफ से पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक देने पहुंचे उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री फोटो क्लिक करवाने में लगे रहे। इसके घटनाक्रम के बाद मंत्री सोशल मीडिया पर बुरी तरह ट्रोल हो गए। समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी और शिवसेना ने इस मामले में मंत्री और भाजपा को आड़े हाथों लिया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार के कबीना मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शहीद कैप्टन शुभम गुप्ता के आगरा स्थित घर गए थे। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से ये मंत्री शहीद के माता-पिता को 50 लाख रुपये का चेक देने पहुंचे थे। गमगीन माहौल में डूबे घर के दरवाजे पर शहीद की बुजुर्ग मां को जब मंत्री योगेन्द्र के हाथों से चेक दिलवाया गया। इस दौरान मंत्री के साथ फोटो क्लिक करने वाले भी पहुंचे थे। यह देख शहीद शुभम गुप्ता की मां बुरी तरह बिलख पड़ीं थी और उनके मुंह से ये शब्द निकले कि 'यह प्रदर्शनी मत लगाओ.' इसके बाद भी यहां कबीना मंत्री ने फोटो खिंचवाया। समाजवादी पार्टी की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें सपा ने कहा कि भाजपाइयों की असंवेदनशीलता पर बोली एक मां ये प्रदर्शनी मत लगाओ भाई !

# अफगानिस्तान ने भारत में अपना दूतावास स्थायी रूप से बंद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपने राजनयिक मिशन को बंद करने पर एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए अफगान दूतावास ने कहा, भारत सरकार की लगातार चुनौतियों के कारण दूतावास को बंद करने का फैसला लिया गया है. यह निर्णय अफगानिस्तान दूतावास की तरफ से 30 सितंबर को परिचालन बंद करने के बाद लिया गया. यह कदम इस उम्मीद में उठाया गया कि मिशन को सामान्य रूप से संचालित करने के लिए भारत सरकार का रुख अनुकूल रूप से बदल जाएगा।

दूतावास ने अपने बयान में कहा कि भारत में अफगान नागरिकों के लिए, दूतावास हमारे मिशन के कार्यकाल के दौरान उनकी समझ और समर्थन के लिए अपना आभार व्यक्त करता है. दूतावास ने कहा है कि काबुल के निर्देशों और फंडिंग पर काम करने वाले कुछ वाणिज्य दूतावास किसी वैध या निर्वाचित सरकार के उद्देश्यों के अनुरूप नहीं हैं, बल्कि एक अवैध शासन के हितों की सेवा करते हैं. इसमें कहा गया है, हम अफगान समुदाय को आश्वस्त करते हैं कि मिशन पारदर्शिता, जवाबदेही और भारत के साथ ऐतिहासिक संबंधों और द्विपक्षीय संबंधों को ध्यान में रखते हुए, अफगानिस्तान की हितों के आधार पर निष्पक्ष रूप से किया गया है।

अभी तक, भारत में अफगान गणराज्य का कोई राजनयिक नहीं है. राष्ट्रीय राजधानी में सेवा करने वाले लोग सुरक्षित रूप से तीसरे देशों में पहुंच गए हैं, दूतावास ने अपनी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत में मौजूद एकमात्र व्यक्ति तालिबान से जुड़े राजनयिक हैं, जो उनकी नियमित ऑनलाइन बैठकों में भाग ले रहे हैं. इसमें आगे कहा गया कि अफगान गणराज्य के राजनयिकों ने मिशन को पूरी तरह से भारत सरकार को सौंप दिया है. अब यह भारत सरकार पर निर्भर करता है कि वह मिशन के भाग्य का फैसला करे, चाहे इसे बंद रखा जाए या इसे सौंपने की संभावना सहित विकल्पों पर विचार किया जाए. इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान द्वारा नियुक्त राजनयिकों की जिम्मेदारी आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गई है. गणतंत्र मिशन का दुर्भाग्यपूर्ण अंत, भारत में अफगान गणराज्य के समापन का प्रतीक है।

विशेष रूप से, अफगान दूतावास ने तालिबान शासन द्वारा संसाधनों की कमी और अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में विफलता का हवाला देते हुए 1 नवंबर को अपने संचालन को बंद करने की घोषणा की. बयान में आगे कहा गया कि हमने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए ऐतिहासिक घटनाओं और वर्तमान परिस्थितियों पर सावधानीपूर्वक विचार किया है. हम पिछले 22 वर्षों में अफगानिस्तान को उनके समर्थन और सहायता के लिए भारत के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं. हम लोगों की सेवा करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं. अफगानिस्तान इस चुनौतीपूर्ण समय में हमारे राष्ट्र का समर्थन करने के रास्ते तलाशना जारी रखेगा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**बकाया वेतन मांगा तो दलित....** भावेश मकवाना के साथ कंपनी में गया था। इसी दौरान उसके साथ मारपीट की गई।नीलेश की उम्र 21 साल बताई जा रही है।

एफआईआर के अनुसार, ओम पटेल- जिसने अपने आपको विभूति का भाई बताया, ने भी नीलेश के साथ मारपीट की। इसके अलावा कंपनी प्रबंधक परीक्षित पटेल सहित अन्य 4 लोगों ने छत पर ले जाकर बेल्ट से नीलेश की पिटाई की। नीलेश का आरोप है कि विभूति पटेल ने उसे अपनी चप्पल मुंह में लेने के लिए मजबूर किया और माफी मांगने को कहा। आरोपियों ने उसे धमकी दी कि अगर पुलिस को शिकायत की तो बुरा अंजाम भुगतना पड़ सकता है। उसने जान से मारने की धमकी भी दी।

**देशभर में अगले हफ्ते तक....** कई जिलों में सरकारी और निजी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दो तीन दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान केरल में मध्यम से भारी बारिश हुई। इसके अलावा कर्नाटक, लक्षद्वीप और आंध्र प्रदेश के तटीय भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सिक्किम में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।